श्री शंकराय नमः

श्री सरस्वत्यै नमः

श्री सूर्याय नमः

श्री विष्णवे नमः

श्री गणेशाय नमः

विश्वरूप जयादित्य जय विष्णो जयाच्युत। जय केशव ईशान जय कृष्ण नमोऽस्तु ते॥
जयादित्य जय स्वामिञ्जय भानो जयामल। जय वेदपते शश्वत्तारयास्मानहर्पते॥

कलि संवत्सर–५१२३
विक्रम संवत्–२०७८
निम्बार्काब्द–५११६–१७
शक संवत्–१९४३
ईस्वी सन्–२०२१–२२

प्राचीन गणित श्रीसूर्यसिद्धान्त पर आधारित राजस्थान का एकमात्र

श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चाङ्गम्

राजा – मंगल
मन्त्री – मंगल
संवत्सर – राक्षस
अक्षांश रेखांश
२६/५५ उत्तर
तथा ७५/४८ पूर्व

गणितकर्ता
आचार्य श्री विनय झा
त्रिस्कन्ध ज्योतिर्विद्, गणितज्ञ
दरभङ्गा

प्रधान सम्पादक
प्रो. सतीशचन्द्र शास्त्री
आचार्य, मु.स्व.पी., ज्योतिष विभाग
के.सं.वि.वि., जयपुर

प्रमुख सहयोग
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
जयपुर परिसर

प्रकाशक
श्रीनिम्बार्कपरिषद्
मन्दिर श्रीसरसबिहारी जी, जयपुर

मार्गदर्शक
अखिल भारतीय विद्वत्परिषद्,
वाराणसी

॥ श्रीसर्वेश्वरो जयति ॥

॥ श्रीभगवन्निम्बार्काचार्याय नमः॥

ठाकुर श्री सरसबिहारी जी सरकार

रुक्मिणीसत्यभामाव्रजस्त्रीविशिष्टः श्रीभगवान
पुरुषोत्तमो वासुदेवः साम्प्रदायिभिर्वैष्णवैः सदोपासनीय

श्रीनिम्बार्क परिषद्

सुदर्शन चक्रावतार जगद्‌गुरु
भगवान श्रीनिम्बार्काचार्य

सर्वज्ञो जगतः कर्ता भक्ताभीष्टप्रदो विभुः। यः केशवं नामामस्तं शरण्यं भक्तवत्सलम्।।
अगाधबोधमाचार्य्यं निम्बादित्यं जगद्‌गुरुम्। ब्रह्मविद्योपदेष्टारं सततं प्रणमाम्यहम्।।

अनन्त श्रीविभूषित जगद्‌गुरु निम्बार्काचार्य
श्रीराधासर्वेश्वरशरणदेवाचार्य श्री श्रीजी महाराज

हे आचार्यशिरोमणि!

आपश्री के आश्रित ''श्रीनिम्बार्क परिषद्'' द्वारा समस्त शास्त्रवचन पोषित आर्ष
सूर्यसिद्धान्तीय गणना आधारित भारतवर्ष के मान्य आचार्यों द्वारा प्राप्त
सम्मति एवं विद्वानों के परिश्रम से निर्मित यह

''श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चाङ्ग''

आपश्री को ही समर्पित है।

॥ श्रीसर्वेश्वरो जयति ॥

विश्वरूप **जयादित्य** जय विष्णो जयाच्युत।
जय केशव ईशान जय कृष्ण नमोऽस्तु ते॥ -व.पु.

जयादित्य जय स्वामिञ्जय भानो जयामल।
जय वेदपते शश्वत्तारयास्मानहर्पते॥ -स्क.पु.

राक्षसनामसंवत्सर २०७८, २०२१-२२ ईस्वी

प्राचीन गणित श्रीसूर्यसिद्धान्त पर आधारित राजस्थान का एकमात्र पञ्चांग

श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांगम्

◆ संरक्षक मण्डल ◆

श्रीमहन्त श्रीवृन्दावनबिहारीदास जी महाराज
'काठिया बाबा' सुखचर, कोलकाता

महन्त श्रीबनवारीशरण जी महाराज
प्रन्यासी अ.भा. निम्बार्काचार्यपीठ

महन्त श्रीवृन्दावनदास जी महाराज
महामंत्री अ.भा. श्रीनिम्बार्क महासभा

श्रीमहन्त श्रीपद्मनाभशरणदेवाचार्य जी महाराज,
श्रीसर्वेश्वर सेवाधाम
प्रन्यासी श्रीनिम्बार्क परिषद्

◆ मार्गदर्शक मण्डल ◆

प्रो. अर्कनाथ चौधरी
निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर

डॉ. कामेश्वर उपाध्याय
महासचिव, अखिल भारतीय विद्वत्परिषद, वाराणसी

पं. गङ्गाधर पाठक
मुख्याचार्य श्रीरामजन्मभूमि शिलापूजन, अयोध्या

◆ पञ्चाङ्ग गणितकर्ता ◆

आचार्य श्री विनय झा, दरभंगा
संरक्षक, अखिल भारतीय विद्वत्परिषद, वाराणसी

◆ प्रधान सम्पादक ◆

प्रो. सतीशचन्द्र शास्त्री
आचार्य, मु.स्व.पी.,ज्योतिष, के.सं.वि.वि. जयपुर

◆प्रबन्ध सम्पादक◆

प्रो. मोहनलाल शर्मा
आचार्य, मु.स्व.पी., के.सं.वि.वि. जयपुर

◆ सम्पादक मण्डल ◆

प्रो. श्यामदेव मिश्र
विभागाध्यक्ष, ज्योतिष, के.सं.वि.वि. जयपुर

पं. अमित शर्मा
अध्यक्ष, श्रीनिम्बार्कपरिषद्, जयपुर

डॉ. गोविन्द चन्द्र द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, विन्ध्यक्षेत्र, मिर्जापुर

पं. पुरुषोत्तम शर्मा
राजज्योतिषी, कलवाड़ा, जयपुर

डॉ. विजेन्द्र शर्मा
सहा. आचार्य, ज्योतिष, के.सं.वि.वि. जयपुर

डॉ. रामेश्वर शर्मा
सहा. आचार्य, ज्योतिष, के.सं.वि.वि. जयपुर

डॉ. नीरज त्रिवेदी
सहा. आचार्य, ज्योतिष, के.सं.वि.वि. जयपुर

डॉ. भोजराज शर्मा
वरिष्ठ अध्यापक, ज्योतिष, के.सं.वि.वि. जयपुर

डॉ. अमित तिवारी
वरिष्ठ शोधअध्येता, के.सं.वि.वि. जयपुर

◆ विशिष्ट सहयोग ◆

पं. श्री बजरंगलाल शर्मा
आचार्य, श्रीवैकुण्ठनाथ जी मन्दिर, हरिमार्ग, जयपुर

डॉ. पारसनाथ ओझा
प्रधान संपादक, आदित्य पञ्चाङ्ग, काशी

डॉ. शचीन्द्रनाथ उपाध्याय
आचार्य, दिल्ली विश्वविद्यालय

◆ तकनीकी संयोजन ◆

डॉ. नमिता मित्तल
सहा. आचार्य, सङ्गणक विज्ञान, के.सं.वि.वि. जयपुर

◆ विद्यार्थी सम्पादक ◆

साकेत झा
अखिल भारतीय विद्वत्परिषद

मुदित मित्तल
अखिल भारतीय विद्वत्परिषद

◆ प्रमुख सहयोग ◆

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर
त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर,-३०२०१८
www.csu-jaipur.edu.in

अखिल भारतीय विद्वत्परिषद्, वाराणसी
देवतायन, ९६, जानकीनगर, बजरडीहा, वाराणसी,
उत्तरप्रदेश – २२१००६
www.vidvatparishad.org

◆ प्रकाशक ◆

श्रीनिम्बार्क परिषद्
मन्दिर श्रीसरसबिहारी जी गढ़ के सामने, कलवाड़ा,
जयपुर, राजस्थान – ३०२०३७
www.nimbarkparishad.com

विषयानुक्रमणिका

क्रं.सं.	विषय	पृष्ठ
१.	आवरण पृष्ठ	१.
२.	समर्पण	२.
३.	संरक्षक, मार्गदर्शक एवं सम्पादक मण्डल परिचय	३.
४.	विषयानुक्रमणिका,	४.
५.	नम्र निवेदन	४.
६.	सूर्यसिद्धान्त की सार्वकालिक ग्राह्यता	५.
७.	शुभाशीर्वाद	६.
८.	सूर्यसिद्धान्तीय पञ्चांगों की ही ग्राह्यता	८.
९.	शुभाशंसन	१०.
१०.	प्रधान सम्पादकीय	११.
११.	सम्पादकीय	१२.
१२.	संवत्सराम्भ एवं संवत्सर-फल	१३.
१३.	संवत् २०७८ का राशिफल	१४.
१४.	ग्रह उदयास्त विचार	१५.
१५.	सूर्य की द्वादश संक्रांतियाँ	१५.
१६.	संवत् २०७८ के ग्रहण, शिववास आदि	१६.
१७.	शनि की साढ़ेसाती का विचार	१७.
१८.	मंगली कुण्डली विचार एवं परिहार	१७.
१९.	विवाह मुहूर्त्त	१८.
२०.	द्विरागमन मुहूर्त्त	२०.
२१.	उपनयन मुहूर्त्त	२१.
२२.	प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त	२२.
२३.	होलिका दहन मुहूर्त्त विचार	२३.
२४.	मुण्डन मुहूर्त्त	२४.
२५.	अन्नप्राशन मुहूर्त्त	२५.
२६.	गृहारम्भ मुहूर्त्त (नींव)	२६.
२७.	गृहप्रवेश मुहूर्त्त	२७.
२८.	देवप्रतिष्ठा मुहूर्त्त	२८.
२९.	कतिपय आवश्यक मुहूर्त्त	२९.
३०.	**२४ पक्षों का तिथ्यादि-मान, व्रतपर्वादि-निर्णय, दैनिक ग्रहस्पष्ट, लग्न सारणियाँ**	**३०.**
३१.	वर-कन्या वैवाहिक अष्टकूट मेलापक चक्र	७८.
३२.	मेलापक सारणी	७९.
३३.	अवकहडा चक्र	८०.
३४.	नाड़ीदोष विचार एवं परिहार	८१.
३५.	श्रीनिम्बार्क व्रतोत्सव निर्णय	८२.

नम्र निवेदन

"वेदप्रणिहितो धर्मो ह्यधर्मस्तद्विपर्ययः।" [भा० ६/१/४०]

वेद प्रतिपादित नियमों के पालन करने का नाम धर्म और उसके विपरीताचरण का नाम ही अधर्म है। धर्माचरण के निर्णय हेतु **"तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्य व्यवस्थितौ"** इस भगवद्वाक्यानुसार एक मात्र शब्द (शास्त्र) ही प्रमाण है।

व्रत उपवास भी धर्माचरण का ही एक प्रधान अंग है। इसके पालन करने से प्रायः धर्म के अन्य समस्त लक्षणों का पालन हो जाता है। इसी धर्माचरण के व्यवस्थित पालन हेतु पञ्चाङ्ग नामक साधन का प्रणयन प्राचीन ऋषियों ने अपने अनुभव सिद्ध ज्ञान से किया। सिद्धान्तग्रन्थों में इस रीति का विशद वर्णन है। जिसका अवलम्ब लेकर भारतवर्ष के प्रत्येक क्षेत्र से पञ्चाङ्ग प्रकाशित होते आये हैं। परन्तु विगत कुछ समय से पञ्चाङ्ग निर्माण की विधि को लेकर मतभेद प्रकट हुए हैं तथा भिन्न भिन्न गणना विधि से पञ्चाङ्ग बनने से सामान्य जन में व्रतोपवास एवं पर्वों को लेकर भ्रम उपस्थित हो जाता है।

जयपुर में प्राचीन आर्षगणना द्वारा लगभग ढ़ाई शताब्दी से निरन्तर प्रकाशित भारतख्यात सौर पञ्चाङ्ग ऐसे समय में भी धर्म की ध्वजा को थामे हुए था जब नवीन पञ्चाङ्गकर्ताओं ने अमावस्या में ही नवरात्र स्थापना करवा डाली थी और प्रत्येक पर्व-त्यौहारों के दो दो दिन पड़ने का क्रम आरम्भ हो गया था। आधुनिक दृग्गणित के पक्षपातियों ने सूर्यसिद्धान्त को कालबाह्य घोषित कर एकमेव दृग्गणित आधारित पञ्चाङ्ग को ही सर्वथा ग्राह्य बतलाते हुए समस्त धर्मशास्त्रीय प्रक्रिया का अतिक्रमण कर लिया तब जयपुर से प्रकाशित एकमात्र सौर पञ्चाङ्ग को भी नत होकर सूर्यसिद्धान्तीय गणना का त्याग करना पड़ा। यह घटना हतप्रभ कर देने वाली थी।

दृग्गणित पक्षपातियों का स्वसिद्धान्त के पक्ष में एकमेव कथन यह है कि उनकी गणना से ग्रह दर्शन प्रत्यक्ष होता है। इनके इस कथन पर वह कथा स्मरण हो आती है की जब गङ्गापुत्र भीष्म अपने पिता शान्तनु का श्राद्ध करने हरिद्वार गए। एकाग्रचित होकर उन्होंने जैसे ही विधिवत पिण्डदान देना आरम्भ किया, तो पिण्ड वेदी पर बिछे कुशों में से एक हाथ निकलकर बाहर आया। शान्तनु स्वयं अपने निमित्त पिण्डदान लेने के लिये उपस्थित हो गए थे। धर्मनिष्ठ पुरुष भीष्म ने पिण्ड का दान उनके हाथ में न करके इस हेतु बनाई गयी वेदी के ऊपर रखे कुशों पर ही किया, क्योंकि शास्त्रों में कुशों पर ही पिण्डदान करने का विधान है-- **"पिण्डो देयः कुशोष्वीति।"** पुत्र भीष्म की इस शास्त्रनिष्ठा पर शान्तनु अत्यन्त प्रसन्न हुए। स्पष्ट है धर्माधर्म का विवेक सूक्ष्म और अदृष्ट है उसी प्रकार ज्योतिष का प्रमाण भी फलादेश होता है, भौतिक ग्रहों की स्थिति नहीं। केवल ग्रहदर्शनार्थ ही दृक्कर्मसंस्कार का शास्त्र में आदेश है, तिथ्यादि में नहीं। ग्रहों के उदयास्त, शृङ्ग तथा ग्रहण में ही दृक्कर्मसंस्कार करना चाहिये।

हमारे वृद्धजन अविवेकी नहीं थे जो अभी कुछ समय पूर्व तक सूर्यसिद्धान्तीय पञ्चाङ्गों का प्रयोग करते थे और ना ही आधुनिक पञ्चाङ्गकर्ता इतने मनोनिग्रही हैं कि उनके द्वारा सूर्यसिद्धान्त गणना को भ्रमजाल कहा जाना स्वीकार किया जा सके।

इसी बीच जब जयपुर से प्रकाशित एकमात्र सौर पञ्चाङ्ग भी दृग्गणित से ही प्रकाशित होने लगा तब से हृदय में एक टीस बनी हुई थी कि कैसे इस अज्ञान तिमिर का शमन हो। कुछ समय पूर्व ज्ञात हुआ की दरभङ्गा निवासी वेद-वेदाङ्गों के पारगामी विद्वान् परमतपस्वी आचार्य श्री विनय झा जी ने शाश्वतकालीन सौरपक्षीय गणना पर अत्यधिक अनुसंधान किया है, तथा उनकी गणना से काशी, दरभङ्गा आदि अनेक स्थानों से पञ्चाङ्ग प्रकाशित होते हैं। परन्तु एकान्तिक साधनानिरत आचार्यश्री से इस कार्य हेतु निवेदन कैसे किया जावे यह एक समस्या प्रकट हुई। ऐसे में देव शास्त्रों में श्रद्धावान् श्रीमुदित मित्तल से सम्पर्क हुआ जो आचार्य श्रीविनय झा जी के पूर्व से ही कृपापात्र रहे हैं। उनके द्वारा जब आचार्यश्री को यह प्रसङ्ग निवेदित किया तो कृपावशात् उन्होंने अखिल भारतीय विद्वत्परिषद, काशी के माध्यम से जयपुर के अक्षांशों पर पञ्चाङ्ग हेतु सौरपक्षीय सूक्ष्मगणितसाधन किया। इस कार्य में अखिल भारतीय विद्वत्परिषद, काशी के महासचिव, सकलशास्त्रविशारद, ज्योतिष के गुह्यतत्त्ववेत्ता आचार्य श्रीकामेश्वर उपाध्याय जी की प्रारम्भ से ही प्रेरणा व निरन्तर निर्देशन रहा। उन्होंने पञ्चाङ्ग के धर्मशास्त्रीय-ज्योतिषीय लेखों में इसकी शास्त्रीय प्रामाणिकता सर्वत्र पुष्ट की है।

आचार्य श्री विनय झा जी द्वारा प्राप्त सेमीकम्पोज फाइल मिलने पर, पण्डित श्री गोविन्दचन्द्र द्विवेदी जी के निरन्तर सहयोग से अत्यन्त अल्पकाल में श्री साकेत झा व श्री मुदित मित्तल ने पञ्चाङ्ग को जिस स्वरुप में प्रस्तुत किया है वैसा परिश्रम बिना धर्मनिष्ठा के सम्भव ही नहीं है क्योंकि अनेक बार ऐसी स्थितियाँ आईं कि लगने लगा था कि यह कार्य तो सम्भव ही नहीं हो पायेगा। परन्तु दोनों उत्साही युवाओं ने जिस प्रकार का अथक परिश्रम कर इस महनीय कार्य को मूर्त्त स्वरुप प्रदान किया उसके लिए श्रीनिम्बार्क परिषद् श्रीसर्वेश्वर प्रभु से इनके सर्वविध अभ्युदय की मङ्गलकामना करती है। पण्डित श्री गोविन्दचन्द्र द्विवेदी के हम आभारी हैं जिन्होंने समय कुसमय का ध्यान दिए बिना अपना सर्वविध सहयोग प्रदान किया। परिषद् अत्यन्त विनयावत हो आचार्य श्री विनय झा जी, आचार्य श्री कामेश्वर जी उपाध्याय के चरणों में यही प्रार्थना करती है कि वे सदैव ही इस कार्य में अपना आशीर्वाद निर्बाध प्रदान करते रहें।

पञ्चाङ्ग की गणना भी प्राप्त हो गई, उसका कलेवर भी निर्मित हो गया परन्तु उसके व्रतपर्वोत्सवों-मुहूर्त्तादि का निर्धारण हुए बिना पञ्चाङ्ग का क्या अर्थ? यह एक विकट चुनौती थी। जिसका एकमात्र समाधान दिखाई दिया निगमागम-धर्मशास्त्रवेत्ता कर्मकाण्डविशारद श्रीसर्वेश्वर चरणानुरागी आचार्य श्री मोहन लाल शर्मा जी की शरण में। पञ्चाङ्ग में मुहूर्त्तादि का शोधन अत्यन्त ही श्रमसाध्य प्रक्रिया है तदोपरि उसका परीक्षण उतना ही क्लिष्टकारी है। परन्तु आचार्य श्री मोहन लाल शर्मा जी ने इस कार्य को स्वयं का निजी कार्य मानकर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के संस्कृति संरक्षण में सदा संलग्न कर्मयोगी निदेशक प्रो. अर्कनाथ चौधरी जी तथा ज्योतिष के अत्यन्त वरिष्ठ विद्वान् जिनकी जिह्वा पर शास्त्र निवास करते हैं, उन सूक्ष्मदृष्टा दैवज्ञ पण्डित श्री सतीशचन्द्र शास्त्री जी से विचार-विमर्श कर इसकी कार्ययोजना निर्धारित की। इन विद्वज्जनों के निर्देशन से श्रीनिम्बार्क परिषद् तथा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के संयुक्त तत्वावधान में व्रतपर्वोत्सवों-मुहूर्त्तादि के निर्धारण हेतु कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यासंवर्धन के उपक्रमों में सदैव तत्पर रहने वाले ज्योतिष विभागाध्यक्ष प्रो. श्रीश्यामदेव मिश्र जी के सुयोग्य नेतृत्व में ज्योतिष विभाग के सहायक आचार्य/वरिष्ठ अध्यापक /शोध अध्येता श्री विजेन्द्र शर्मा जी, श्रीरामेश्वर दयाल शर्मा जी, श्री नीरज त्रिवेदी जी, श्री भोजराज शर्मा जी, श्री अमित तिवारी जी ने इस गुरुत्तर कार्य को श्रीसर्वेश्वर प्रभु की सेवा मानकर किया वह वन्दनीय है। वरिष्ठ विद्वज्जन प्रो. अर्कनाथ जी चौधरी, पण्डित श्री सतीशचन्द्र शास्त्री जी, आचार्य श्री मोहन लाल शर्मा जी, प्रो. श्यामदेव मिश्र जी ने निरन्तर परिक्षण/सम्पादन कर इन मुहूर्त्तों का प्रमाणिकीकरण किया। श्रीनिम्बार्क परिषद् इन सभी महानुभावों के इस अवदान की सदा ऋणी रहेगी। तथा इस पञ्चाङ्ग के लिए निरन्तर उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा यह दृढ विश्वास है।

समस्त विद्वानों तथा धर्मप्राण महानुभावों के सम्मुख यह **"श्रीसर्वेश्वर-जयादित्य पञ्चाङ्ग"** प्रस्तुत करते हुए निवेदन है कि इस प्रथम प्रयास को अपना आशीर्वाद प्रदान करें। धर्मानुरागी जन धर्मफल की सिद्धि हेतु धर्मशास्त्र अनुमोदित इस पञ्चाङ्ग के अनुसार व्रतपर्वोत्सवों का पालन करें। विद्वज्जन इस पञ्चाङ्ग का साङ्गोपाङ्ग परीक्षण कर इसकी त्रुटियों में सुधार करवायें तथा कैसे इसके स्वरुप में परिवर्धन हो वैसी आज्ञा देवें। इस पञ्चाङ्ग में जो कुछ भी श्रेष्ठ है वह सब श्रीसर्वेश्वर प्रभु के कृपाप्रसाद स्वरुप विद्वानों का अवदान है तथा प्रमादवश जो कुछ भी त्रुटि दिखाई दे वह सब श्रीनिम्बार्क परिषद् की है जिनका परिमार्जन आप सभी के सहयोग एवं श्रीसर्वेश्वर प्रभु की कृपा से ही सम्भव हो सकेगा। श्रीसर्वेश्वर प्रभु हम सभी पर सदा कृपा रखें !

--श्रीनिम्बार्क परिषद्

सूर्यसिद्धान्त की सार्वकालिक ग्राह्यता

आचार्य विनय झा (त्रिस्कन्ध ज्योतिर्विद्, सौरपक्षीय गणितकर्त्ता)

श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांगम्

विक्रमादित्य के नवरत्न वराहमिहिर की पञ्चसिद्धान्तिका–१/३[१] में सूर्यसिद्धान्त को **"सौर"** सिद्धान्त की संज्ञा दी गयी तथा पञ्चसिद्धान्तिका–१/४[२] में इसे **"सावित्र"** सिद्धान्त कहा गया। अतः वराहमिहिर के अनुसार गायत्री मन्त्र के वैदिक देवता सविता ही सूर्यसिद्धान्त के प्रतिपादक हैं, तथा उनके काल में जितने सिद्धान्त उपलब्ध थे उनमें सूर्यसिद्धान्त को ही सर्वाधिक स्पष्ट उन्होंने कहा।

पञ्चसिद्धान्तिका–१/२[३] में वराहमिहिर ने लिखा कि पूर्वाचार्यों के मतानुसार बीज के रहस्य को वे स्पष्ट करेंगे। इस प्रकरण का नाम ही करणावतार है, जिसका अर्थ है सिद्धान्तग्रन्थ पर आधारित व्यावहारिक गणना को सुगम बनाने वाली करणप्रक्रिया। परन्तु उपलब्ध पञ्चसिद्धान्तिका में करणप्रक्रिया स्पष्ट नहीं है, सम्पूर्ण मूल ग्रन्थ बचाया नहीं जा सका। भारत के विभिन्न प्रान्तों में जो सूर्यसिद्धान्तीय करणग्रन्थ और उनसे बनी पञ्चाङ्गोपयोगी मध्ययुगीन सारिणियाँ उपलब्ध हो सकीं उनमें जिस सिद्धान्त तथा करणप्रक्रिया का अनुसरण किया गया उसी के अनुसार सम्पूर्ण कल्प हेतु सूर्यसिद्धान्तीय सॉफ्टवेयर २००० ई॰ में बनाया गया जिसे प्रकाशनार्थ स्वरूप २००४ ई॰ के आरम्भ में दिया गया।

मकरन्दीय करणप्रक्रिया भारत में सर्वाधिक लोकप्रिय रही है। शाके १४०० हेतु काशी में बनी मकरन्दसारिणी में इसे **"श्रीसूर्यसिद्धान्तमतेन"** कहा गया जो सत्य है। केवल मङ्गल का बीज उसमें छूट गया था जिसे अन्य स्रोतों से लिया गया। बीज का रहस्य आजतक किसी ने प्रकाशित नहीं किया, केवल बीजों के गणितीय मान मध्ययुगीन सारिणियों में हैं। पूर्णाङ्क महायुग–भगणमानों द्वारा ग्रहगणित किया जाता है, तत्पश्चात उसमें बीजसंस्कार करके मध्यमग्रह बनाया जाता है। बर्जेस पहले व्यक्ति थे जिन्होंने अज्ञानतावश सूर्यसिद्धान्त में बीजसंस्कार को नहीं माना। आचार्य रङ्गनाथ के ही काल में सूर्यसिद्धान्त की जो पाण्डुलिपि उपलब्ध थी उसमें "बीजोपनयन–अध्याय" तो था किन्तु बीजप्रक्रिया को किसी ने इस्लामी ग्रहगणित के तुल्य बनाने की चेष्टा में भ्रष्ट कर डाला और उस प्रयास में असफल होने पर अधूरा ही छोड़ दिया। बर्जेस को पता नहीं था कि सूर्यसिद्धान्त की सैकड़ों सारिणियाँ और करणप्रक्रियायें उपलब्ध रहीं हैं, जिनकी सहायता से बीजोपनयनाध्याय को पुनर्निर्मित किया जा सकता है।

बीज के रहस्य पर ही सूर्यसिद्धान्त और ब्रह्मसिद्धान्त का परस्पर सम्बन्ध स्थापित होता है। ब्रह्माजी की परमायु का गणित ब्रह्मसिद्धान्त है, उसी का कल्पगणित सूर्यसिद्धान्त कहलाता है। ब्रह्मसिद्धान्त केवल सृष्टि के आरम्भ में प्रकट होता है। सूर्यसिद्धान्त प्रत्येक महायुग में प्रकट होता है — सतयुग के अन्त में। सतयुग में फलकामी विद्याओं की आवश्यकता नहीं पड़ती, और सतयुग के पश्चात सम्पूर्ण सूर्यसिद्धान्त को ग्रहण करने की क्षमता किसी में नहीं रहती, अतः सतयुग के अन्त में सूर्यसिद्धान्त प्रकट होता है शेष तीनों युगों के लिये। कलियुग में समस्त वेद–वेदाङ्गों सहित सूर्यसिद्धान्त की भी अवमानना होने लगती है। धर्म के एक पाद को कलियुग में जो लोग थामे रहते है उनके लिये सूर्यसिद्धान्त है।

अन्य सारे आर्ष सिद्धान्त सूर्यसिद्धान्त के ही विभिन्न कालखण्डों में प्रकट तात्कालिक तन्त्रग्रन्थ तथा करणग्रन्थ हैं। उपलब्ध सूर्यसिद्धान्त भी सिद्धान्त के साथ–साथ एक तन्त्रग्रन्थ भी है, क्योंकि यह पिछले सतयुग के अन्त की ग्रहस्थिति से गणना का निर्देश देता है। परन्तु उस समय के बीजसंस्कार का अध्याय किसी ने मध्ययुग में भ्रष्ट कर दिया। किसी युगारम्भ से गणना की प्रक्रिया को तन्त्रप्रक्रिया कहते हैं, अन्य किसी काल के बीज द्वारा जो प्रक्रिया हो उसे करण कहते हैं। बिना कम्प्यूटर के सीधे सिद्धान्तग्रन्थ द्वारा कोई मानव पञ्चाङ्ग नहीं बना सकता। कम्प्यूटर उपलब्ध हो तो करण वा तन्त्र की आवश्यकता नहीं, सीधे सिद्धान्त द्वारा गणना कर सकते हैं। परन्तु कम्प्यूटर में भी यदि करणप्रक्रिया को अपनाया जाय तो गति बढ़ जाती है।

मन्दफल और शीघ्रफल की दोषपूर्ण व्याख्यायें बर्जेस ने दीं, क्योंकि उनको मेरुकेन्द्रित सौरगणित का ज्ञान नहीं था। सही गणित मकरन्द जैसी प्राचीन सारिणियों में है, जिसपर बर्जेस ने ध्यान नहीं दिया। परन्तु उन सारिणियों में केवल परिणाम हैं, सूत्र नहीं। सूत्र सूर्यसिद्धान्त ग्रन्थ में है जिसकी गणितीय व्याख्या आजतक किसी गणितज्ञ ने नहीं लिखी है। सूर्यसिद्धान्त की गणितीय व्याख्या मुझे डॉ. लक्ष्मण झा (एल.एन.मिथिला विश्वविद्यालय के अवैतनिक पूर्व कुलपति बालब्रह्मचारी साधु) की कृपा से प्राप्त हुई।

करणप्रक्रिया का अर्थ यह है कि सिद्धान्तग्रन्थ द्वारा पहले किसी पास वाले व्यतीत समय तक का मध्यम ग्रहगणित बनाकर रख लें और फिर उस समय से वाञ्छित समय तक की गणना करके जोड़ लें। मकरन्द सारिणी शाके १४०० अथवा १४७८ ईस्वी हेतु बनी थी, अर्थात् उस समय तक के ग्रहस्पष्ट के बाद की ही गणना हर वर्ष करनी पड़ती। परन्तु अन्य करणग्रन्थकारों की तरह मकरन्द में भी ऐसी करणप्रक्रिया का अनुसरण किया गया ताकि कुछ दशकों वा एकाध शताब्दी के पश्चात करणग्रन्थ पुनः बनाना पड़े। दासता के कारण सैद्धान्तिक करणग्रन्थों का नवीनीकरण शाके १४०० के पश्चात नहीं हो सका।

पराशरी होरा में ग्रहों को देवता कहा गया जो जीवों को कर्मफल देने के लिये अवतरित हुए। परन्तु दृक्पक्षवादियों के अनुसार आकाशीय भौतिकपिण्ड ही कर्मफल देते हैं और पूजन द्वारा शान्त होते हैं ! इससे बेहतर आधुनिक वैज्ञानिक हैं, जो भौतिक पिण्डों में दैवी शक्ति नहीं मानते। ज्योतिष के ग्रह देवता अदृश्य हैं व भुवर्लोक में निवास करते हैं। बाह्य चक्षु से जो दिखते हैं वे ऐन्द्रिक विषय हैं, देवता नहीं। ज्योतिष का प्रमाण फलादेश की जाँच है, न कि ऐन्द्रिक नक्षत्रसूचन। भौतिकवादियों को देवता में भी तभी विश्वास होगा जब परखनली में डालकर जाँच न कर लें और देवता के भार, चुम्बकत्व, आदि भौतिक लक्षणों का सत्यापन न कर लें। भौतिक पदार्थों में भौतिक लक्षण होते हैं तथा अभौतिक तत्वों में अभौतिक लक्षण।

[१] *पौलिश-रोमक-वशिष्ठ-सौर-पैतामहास्तु पञ्च सिद्धान्ताः।*

[२] *पौलिशतिथिः स्फुटो अस्तु तस्यासन्नस्तु रोमकप्रोक्तः। स्पष्टतरः सावित्रः परिशेषौ दूरविभ्रष्टौ।।*

[३] *पूर्वाचार्यमतेभ्यो यद् यच्छ्रेष्ठं लघु स्फुटं बीजम्। तत्तदिहाविकलमहं रहस्यमभ्युद्यतो वक्तुम्।।*

शुभाशीर्वाद

महामहोपाध्याय देवर्षि कलानाथ शास्त्री (राष्ट्रपति सम्मानित)
प्रधान सम्पादक– 'भारती' संस्कृत पत्रिका
सदस्य- संस्कृत आयोग, भारत सरकार
भूतपूर्व अध्यक्ष– राजस्थान संस्कृत अकादमी तथा
आधुनिक संस्कृत पीठ, ज.रा.रा.सं.विश्वविद्यालय
भूतपूर्व निदेशक– संस्कृत शिक्षा एवं भाषा विभाग, राज० सरकार

C/8, पृथ्वीराज रोड,
सी स्कीम, जयपुर,
पिनकोड- 302001,
0141-2376008

शुभाशंसा

भारतीय ज्ञान परम्परा में काल गणना, समाज के शुभाशुभ निर्धारण एवं मार्गदर्शन, मुहूर्त्त, पर्व, उत्सव आदि के निर्णय हेतु ज्योतिष और धर्मशास्त्र की नितान्त आवश्यकता सर्वविदित है।

इसी संदर्भ को दृष्टिगत रखते हुए भारतवर्ष में अनेक स्थानों से पञ्चाङ्ग प्रकाशित होते आ रहे हैं जिसमें सिद्धान्तभेद के कारण तिथि-पर्व इत्यादि में कुछ विसंगतियाँ देखने को मिलती हैं, जिसके निराकरण का शास्त्रसम्मत सूक्ष्मातिसूक्ष्म प्रयास आचार्य श्री विनय झा जैसे ज्योतिष के प्रख्यात विद्वान ने सिद्धान्तज्योतिष के एकमात्र प्राचीन आर्ष ग्रन्थ सूर्यसिद्धान्त की गणित पद्धति के आधार पर पञ्चाङ्ग गणित साधन किया है।

इसी गणना को ग्रहण करके श्रीनिम्बार्क परिषद्, जयपुर द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के निदेशक प्रो. अर्कनाथ चौधरी जी, एवं ज्योतिष विभाग के सम्मानित आचार्यों एवं अखिल भारतीय विद्वत्परिषद, काशी के महासचिव आचार्य डॉ. कामेश्वर उपाध्याय जी के विशेष सहयोग से एवं अनेक गणमान्य आचार्यों के मार्गदर्शन में, सम्वत् २०७८ हेतु जयपुर से **"श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चाङ्गम्"** प्रकाशित होने जा रहा है।

जयपुर की समृद्ध परम्परा देश देशांतर के विद्वानों का सम्मान करती रही है, ऐसे में राष्ट्रीय विद्वानों के सारस्वत सहयोग से प्रकाशित हो रहे इस पञ्चाङ्ग हेतु मैं सभी सहयोगी विद्वानों, आचार्यों का अभिनन्दन करते हुए शुभकामना तथा साधुवाद प्रेषित करता हूँ तथा आशा करता हूँ कि सभी पञ्चाङ्गकर्ता ऋषियों के वचनों का अवलम्ब लेकर धर्मशात्र की मर्यादानुसार ही पञ्चाङ्ग निर्माण करने हेतु एकमत होंगे।

दिनांक-
महाशिवरात्रि, संवत् २०७७
११/०३/२०२१

देवर्षि कलानाथ शास्त्री
जयपुर (राज०)

महामहोपाध्याय आचार्य दयानन्द भार्गव (राष्ट्रपति सम्मानित)
भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति सम्मान से पुरस्कृत।
राजस्थान सरकार द्वारा शिखर सम्मान से सम्मानित।
दिल्ली विश्वविद्यालय, जयनारायण वि.वि. जोधपुर, एवं
जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं आदि में विभागाध्यक्ष।
केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, जम्मू तथा इलाहवाद में प्राचार्य आदि पदों से सेवा
निवृत्त। आई.सी.पी.आर. दिल्ली में वरिष्ठ रिसर्च फैलो के रूप में शोध-निरत।
म.म.पं. मधुसूदन ओझा वेदविज्ञानपीठ के पूर्वाध्यक्ष।

ओ.के.प्लस वीनस,
फ्लैट नं. ए-१००५,
महल रोड, जगतपुरा,
जयपुर, पिन.-३०२०२५,
dayanandbhargava.com

शुभाशंसा

श्वेताश्वतरोपनिषद् में सुख-दुःख के अनेक कारणों में से काल को भी एक माना है। अथर्ववेद में काल पर दो अत्यन्त महनीय सूक्त हैं। दिक् और काल ही एक को अनेक बनाने में सहायक होते हैं। भारत में काल के सूक्ष्म गणित के लिए अनेकानेक पञ्चांग सदा से प्रकाशित होते रहे और उनके आधार पर भारतीय अपना दैनन्दिन कार्यक्रम बनाते हैं। आज दैनिक व्यवहार में ईस्वीय सन्, मास तथा दिनाङ्क का प्रयोग बढ़ गया है तथापि जैसा वैज्ञानिक आधार भारतीय तिथि का है, वैसा अंग्रेजी दिनाङ्क का नहीं है।

इस पृष्ठभूमि में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के निदेशक प्रोफेसर अर्कनाथ चौधरी की सर्वतोमुखी देख-रेख में अनेकों बहुश्रुत विद्वानों द्वारा एवं अखिल भारतीय विद्वत्परिषद, काशी के सहयोग से सूर्यसिद्धान्तीय **"श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांगम्"** जयपुर की श्रीनिम्बार्क परिषद् द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है। प्रोफेसर अर्कनाथ चौधरी का इस पञ्चांग के साथ जुड़ना ही इसकी प्रामाणिकता सिद्ध करता है। अतः उस विषय में मुझे अधिक न कहकर केवल यही शुभाशंसा करनी है कि यह पञ्चांग विश्व, राष्ट्र, समाज तथा नागरिकों के लिए मङ्गल का मार्ग प्रशस्त करने वाला बने। स्वस्ति।

दिनांक-
फाल्गुन शुक्ल द्वितीया, संवत् २०७७
१५/०३/२०२१

डॉ. दयानन्द भार्गव
जयपुर (राज०)

शुभाशंसा

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि श्रीनिम्बार्क परिषद्, जयपुर द्वारा **"श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांग",** जो कि जयपुर शहर के अक्षांश रेखांश पर आधारित है, तथा जिसकी समस्त गणित प्रक्रिया सूर्यसिद्धान्तीय पक्ष से की गयी है, का नवीन प्रकाशन किया जा रहा है।

अब तक सूर्यसिद्धान्तीय प्रक्रिया से भारतवर्ष में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी से "विश्व पञ्चांगम्" एवं कुछ ही अन्य पञ्चांग प्रकाशित हो रहे हैं, इसी श्रृंखला की कड़ी के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा सम्पादित यह नवीन पञ्चांग जयपुर से प्रकाशित हो रहा है। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के विद्वान पदाधिकारी इस पञ्चांग के महत्तर सम्पादन कार्य के लिए धन्यवाद के पात्र हैं, एवं जो भी विशिष्ट विद्वान इस पावन यज्ञ में अपना सहयोग एवं ज्ञानाहुति दे रहे हैं वे सभी प्रणम्य हैं।

मैं आशा करता हूँ कि यह पञ्चांग कि यह **"श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांग"** इसी शास्त्रनिष्ठा के साथ निरन्तर धर्मप्रेमियों के मन को आह्लादित करता रहेगा तथा भारत की धर्मप्राण जनता के लिए, व्रतोत्सव एवं अन्य धार्मिक कार्यों का परम्परा एवं शास्त्रसिद्ध निर्णय कर उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रेषित होकर जयपुर की जनता का मार्गदर्शन करता रहेगा।

ऐसी मेरी मंगलकामना है। शुभम्

ओमप्रकाश शर्मा
ज्योतिषाचार्य,
पूर्व अधीक्षक, ज्योतिष यन्त्रालय,
जन्तर-मन्तर, जयपुर

चैत्र कृष्ण त्रयोदशी
विक्रम संवत् २०७७

अतीव हर्ष का विषय है कि श्रीनिम्बार्क परिषद्, जयपुर संवत् २०७८ से जयपुर व राजस्थान का एकमात्र सूर्यसिद्धान्तीय पञ्चांग **"श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांग"** प्रकाशित करने जा रही है। ज्योतिषशास्त्र की प्राचीन परम्परा के संरक्षण एवं विद्या के संवर्द्धन हेतु यह प्रयास सराहनीय है। 'परोक्षप्रिया वै देवाः' इत्यादि वचनानुसार ऋषियों का ज्ञान ऐन्द्रिक समझ से परे होता है। जो समझ से परे है उसे 'परा' कहते हैं। और उस 'परा' में भी जो 'परम्' है उसे 'परम्परा' कहते हैं। अतः वेद-शास्त्रों में श्रद्धा रख सनातन 'परम्परा' की रक्षा करनी चाहिए।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के अनुभवी विद्वान आचार्यों ने इस पञ्चांग का श्रमसाध्य सम्पादन कर पञ्चांग की प्रामाणिकता सिद्ध एवं पुष्ट की है, अतः संस्कृति संरक्षण एवं सर्वजन हित हेतु इस महनीय कार्य का सफल निष्पादन करने वाले विश्वविद्यालय के निदेशक एवं सभी सम्पादक गण आचार्यों का मैं अभिनन्दन करता हूँ।

इस पञ्चाङ्ग से सम्बद्ध सभी विद्वान आचार्यों को मैं मेरी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ, व आशा करता हूँ कि विद्वज्जन इस शास्त्रसम्मत पञ्चाङ्ग को समादृत कर धार्मिक कर्तव्यों एवं पुरुषार्थों की सिद्धि करेंगे। स्वस्ति।

प्रो. सुरेन्द्र कुमार शर्मा
पूर्व निदेशक संस्कृत शिक्षा,
राजस्थान सरकार

चैत्र कृष्ण पञ्चमी
विक्रम संवत् २०७७

शास्त्रानुसार व्रतोपवासादि में सूर्यसिद्धान्तपक्षीय पञ्चाङ्गों की ग्राह्यता

पण्डित गङ्गाधर पाठक 'वेदाद्याचार्य' (मुख्याचार्य- श्रीरामजन्मभूमिशिलापूजन, अयोध्या)

साङ्गोपाङ्गाय वेदाय ज्योतिषां ज्योतिषे नमः ।
सूर्याय सूर्यसिद्धान्तज्योतिर्विद्भ्यो नमो नमः ।।

व्रतोत्सवादि सम्पादनार्थ एवं यज्ञोपनयनादि धार्मिककृत्यों के लिये सम्यक् कालपरिज्ञानार्थ तिथि-वार-नक्षत्र-योग-करणात्मक विशुद्ध **आर्षपञ्चाङ्ग** की आवश्यकता होती है। परन्तु विविध भारतीय पञ्चाङ्गों में भी व्रतोपवासादि के वैमत्य से प्रायः सर्वत्र कोलाहलश्रवण होता रहता है, एतदर्थ किञ्चिच्चिन्तन अपेक्षित है।

सम्प्रति कई प्रकार के पञ्चाङ्ग उपलब्ध होते हैं- **सूर्यसिद्धान्तपक्षीय, आर्यसिद्धान्तपक्षीय (वाक्यविधि), ब्राह्मसिद्धान्तपक्षीय, दृग्गणितपक्षीय** आदि। मकरन्द-ग्रहलाघवादि के भेद से सूर्यसिद्धान्तपक्षीय पञ्चाङ्ग का भी वैविध्य है तथा चित्रा-रैवतादिपक्षीय गणित के भेद से दृक्पञ्चाङ्ग भी कई प्रकार के हैं। कोई सूर्य-चन्द्रान्तरलक्षण से तथा कोई कलालक्षणभेद से तिथियों का द्वैविध्य वर्णन करते हैं।

भारत में ही कुछ पञ्चाङ्ग चैत्रशुक्लप्रतिपत् से, कुछ आषाढ़शुक्लप्रतिपत् से, कुछ श्रावणकृष्णप्रतिपत् से और कुछ कार्तिकशुक्लप्रतिपत् से प्रारम्भ किये जाते हैं। कोई विक्रमसंवत्, कोई शकसंवत् तथा कोई अन्य स्थानीय लौकिकसंवत् का उपयोग करते हैं। कहीं पूर्णिमान्त तो कहीं अमान्तमास ग्रहण किये जाते हैं। सम्प्रदायभेदवाले पञ्चाङ्गों की तो इयत्ता ही नहीं है। परिणामत: भारत के सार्वभौम व्रतोत्सवादि भी दो या तीन विभिन्न दिनों में सम्पादित होते हैं तथा कुछ कृत्य तो पूर्णिमान्त-अमान्तमास के भेद से पक्ष-मासपर्यन्त भी आगे- पीछे हो जाते हैं।

वर्त्तमान में आर्षज्ञानविहीन नवीनों के द्वारा दृक्पञ्चाङ्ग के रूप में एक बड़ी समस्या खड़ी कर दी गई है, जो नाविकपञ्चाङ्ग (Nautical Almanac) पर आधारित है, जहाँ ग्रहण जैसी घटनायें मांसचक्षुर्दृष्ट ही मान्य हैं।

शास्त्रनिष्ठ प्रामाणिक सनातनियों के लिये तो दृक्पञ्चाङ्ग सर्वथा अग्राह्य है। प्रत्येक धार्मिककृत्य के संकल्प में कल्प मन्वन्तर आदि का स्मरण करने के लिये प्राचीन आर्षसिद्धान्तपक्षीय पञ्चाङ्गों की ही उपयोगिता सिद्ध होती है।

दृग्गणितके पक्षपाती विद्वान् तिथ्यादिनिर्णय में इस पद्धति की उपयोगिता सिद्ध करते हैं-
यस्मिन्पक्षे यत्र काले येन दृग्गणितैक्यम् । दृश्यते तेन पक्षेण कुर्यात्तिथ्यादिनिर्णयम् ॥

परन्तु महान् दैवज्ञ ब्रह्मगुप्त तो पैर से भी दृग्गणितके पादमात्र का स्पर्श नहीं करना चाहते-
प्रतिदिवसविसंवादात्तिथिकरणर्क्षदिवसमासानाम् । ग्रहणग्रहयोगादिषु पादं पादेन कः स्पृशेत् ॥

ग्रहलाघवकार ने भी **"सौरार्कोऽपि.."** में इसपर विचार किया है।

स्थूल दृग्गणित का भी जनक भारतीय ज्योतिषशास्त्र ही है। मल्लारि एवं सूर्यसिद्धान्तादि ने भी किञ्चित् कार्यभेद से दृक्पक्ष को ग्रहण किया है। भास्कराचार्य ने-

यात्राविवाहोत्सवजातकादौ खेटै: स्फुटैरेव फलस्फुटत्वम् ।
स्यात्प्रोच्यते तेन नभश्चराणां स्फुटक्रिया दृग्गणितैककृद्या ॥

यद्यपि कतिपयमतेन सूर्यसिद्धान्त का बीजोपनयनाध्याय सूर्यांशोक्तापेक्षया प्रक्षिप्त है, तथापि मयरचित सूर्यसिद्धान्त में इसे अप्रक्षिप्त और यात्रादि में प्रशस्त माना गया है-

कालेन दृक्समो यः स्यात्ततो बीजक्रियोच्यते ।
बीजं विशेषसिद्धान्तरहस्यं परमं स्फुटम् । यात्रापाणिग्रहादीनां कार्याणां शुभसिद्धिदम् ॥

वराहमिहिर ने भी बीजसंस्कार को ग्रहण किया है-
पूर्वाचार्यमतेभ्यो यद्यच्छ्रेष्ठं लघु स्फुटं बीजम् । तत्तदिहाविकलमहरहरस्म्यभ्युद्यतो वक्तुम् ॥

मकरन्दानुसारि पञ्चाङ्गों में भी बीजसंस्कार किया जाता है, जिसपर विचारकों ने नित्य-नैमित्तिक-काम्यकर्मों में तत्तत् सिद्धान्तों के ग्रहण की चर्चा की है । इसका स्पष्टीकरण करते हुए महामहोपाध्याय श्रीसुधाकर द्विवेदी ने ब्रह्मगुप्त के तन्त्रभ्रंश की व्याख्या में कहा है कि जिस तन्त्र में दृग्गणित इष्ट है, वहीं वह आदरणीय है-

"यात्राविवाहोत्सवजातकादौ खेटैः स्फुटैरेव फलस्फुटत्वम्"
इति विषयविषयेण वाक्येन दृग्गणितैक्यकृत्स्फुटक्रिया
यात्राविवाहोत्सरवविशेषविषयेष्वेव ग्राह्या, न तु धर्मशास्त्रोपयोगितिथ्यानयने ।

अर्थात् कदाचित् यात्रा - विवाहोत्सव आदि में ही दृग्गणित की ग्राह्यता हो सकती है, धर्मशास्त्रोपयोगी तिथ्यानयन में नहीं। **इस विवेचन से सर्वविध धर्मकृत्यों में दृग्गणित की ग्राह्यता निरस्त हो गई।**

सिद्धान्ततत्त्वविवेककार ने भी अदृष्टफलसिद्ध्यर्थ सूर्योक्तप्रमाण की ही श्रुतिवद् ग्राह्यता सिद्ध की है-
अदृष्टफलसिद्ध्यर्थं निर्बीजार्कोक्तमेव हि ।
प्रमाणं श्रुतिवद्ग्राह्यं कर्मानुष्ठानतत्परैः ॥

शाकल्य संहिता में भी **"दृक् सिद्धा नेष्यते तिथि:"** से यही कहा है।

कालनिर्णय में भी **"तिथिनक्षत्रयोगानयनेऽबीजसंस्कृतो ग्राह्यः"** से यही बात कही है ।

भास्कराचार्यादि ने दृग्गणित को स्थूल और **पुलस्त्य-वसिष्ठ-गर्गादि** मुनिप्रणीत गणित को सूक्ष्म कहा है-
स्थूलं कृतं भानयनं यदेतज्ज्योतिर्विदां संव्यवहारहेतोः ।
सूक्ष्मं प्रवक्ष्येऽथ मुनिप्रणीतं विवाहयात्रादिफलप्रसिद्धयै ॥

वासनाकार ने भी यही पक्ष ग्रहण किया है-

स्थूलं लोकव्यवहारमात्रम्, यात्राविवाहादावपि सम्यक्फलसिद्ध्यर्थं मुनिप्रणीतं सूक्ष्ममेव ग्राह्यम्।

कथञ्चित् लोकव्यवहारमात्र के लिये ग्रहणास्तोदयादि में आवश्यकतानुसार स्थूल दृक्पक्ष को ग्रहण किया जा सकता है, परन्तु यात्रा-विवाहादि में भी अज्ञातज्ञापक सम्यक् फल की सिद्धि के लिये प्रत्यक्षानुमानागम्य और "अज्ञातज्ञापकं शास्त्रम्" के और अनुसार शास्त्रैकसमधिगम्य मुनिप्रोक्त सिद्धान्तपक्षीय सूक्ष्म गणित को ही ग्रहण करना उत्तम पक्ष है।

नृसिंह दैवज्ञ ने भी- **'भास्कराचार्याणामयमेवाशयः'** से इसी पक्ष को ग्रहण किया है।

तिथिस्वरूपनिर्णय में तो स्पष्ट घोषणा की गई है-

ततो धर्मशास्त्राद्युपयुक्ततिथिसाधनं नक्षत्रयोगकरणज्ञानं चोक्तम् ।

मत्स्यमहापुराण में भगवान् **वेदव्यास** का स्पष्ट उद्घोष है-

नैष शक्य: परिज्ञातुं याथातथ्येन केनचित् ।
गतागतं मनुष्येण ज्योतिषां मांसचक्षुषा ॥

ग्रहों की सूक्ष्म गति मनुष्यों के द्वारा अदृश्य है, एतदर्थ प्रत्यक्षातिरिक्त सभी व्रत-पर्व श्रौत-स्मार्तानुष्ठानार्थ आर्षसिद्धान्त की ही उपयोगिता सिद्ध है। **सनातनधर्मानुयायियों के सभी सिद्धान्त श्रुति-स्मृति-पुराण-तन्त्रागमादिमूलक ही हैं, इसलिये अनार्ष दृग्गणितमात्रदुराग्रही प्रत्यक्षवादियों के द्वारा धर्म-व्रताद्यनुष्ठानों का सूक्ष्म निर्णय असम्भव है।** ऋषिगण तपो-योगजसामर्थ्यातिशय के कारण अतीन्द्रियार्थदर्शी होते थे, यन्त्रादिनिर्माण-प्रयोगकुशल वैज्ञानिक सूक्ष्मज्ञ होते हुए भी ऋतम्भराप्रज्ञायुक्त अदृश्यदर्शी ऋषि नहीं हो सकते।

विष्णुधर्मोत्तर, कालार्क, ज्योति:सिद्धान्तसंग्रह, लल्ल, मुञ्जाल, श्रीनिवासीय धर्मशास्त्रादि में उपर्युक्त आर्ष पक्ष ही सम्मानित है।

स्कन्दमहापुराण के कलिमाहात्म्य में तो सिद्धान्तपक्ष के त्याग का भयावह फल और सिद्धान्तपक्ष के ग्रहण का सुखद फल भी बता दिया गया है-

दृक्सिद्धखेटग्रहसाधितासु कुर्वन्ति केचित्तिथिषु प्रमादात् ।
श्राद्धादिकं तत्पितृशापतस्ते पुण्यक्षयं दुर्गतिमाप्नुवन्ति ॥
तथापि सन्तो बहवोऽत्र धार्मिकाः पुरातनाचारमथाजहन्त: ।
सूर्यांशजोक्तार्जितकाल एव कर्माणि कुर्वन्ति सुखं लभन्ते ॥

भगवान् वेदव्यास पुनः दृढता से सूर्यसिद्धान्तारिक्त सिद्धान्त को अग्राह्य बताते हैं-

सौरोपनिषदेवाद्या कल्पे त्वस्मिन् सनातनी ।
यामादित्यः स्वयं प्राह मयाय परिपृच्छते ॥
कालज्ञानं तु तत्सिद्धं विशुद्धं नान्यदुच्यते ।
तद्विरुद्धं तु यत्सर्वमपरिग्राह्यमेव तत् ॥

जब दृग्गणितवादियों के यहाँ भी चित्रा- रेवत्यादि के भेद से अयनांशभेद होता है तब तदनुसार पञ्चाङ्गीय तिथ्यादिकों में भी भेद का होना स्वाभाविक ही है। ऐसी परिस्थिति में निर्दिष्ट शास्त्रीय आर्षपक्ष का आश्रय ग्रहणकर एक स्थिर पञ्चाङ्गनिर्माण की महती उपयोगिता सिद्ध होती है।

सम्प्रति दक्षिणदेश में भी तिथि-नक्षत्र-मुहूर्त्तादि वैदिक विषयों में आर्षग्रन्थसिद्ध ग्रहस्थिति को ही ग्रहण करने की परम्परा है और ग्रहण तथा जातकर्मादि लौकिक विषयों में दृक्सिद्ध ग्रहों को ग्रहण किया जाता है।

सम्पूर्ण ज्योतिर्मण्डल गतिशील है, कालान्तर में अथवा देशभेदादि से गत्यादिमूलक गणितीय भेद हो सकते हैं; परन्तु कालान्तर या देशभेदादि के भी गणितीय भेद की उपपत्ति मुनिप्रणीत सूक्ष्म ज्योतिषीय सिद्धान्तों में ही बता दी गई है। इसलिये नवीन-प्राचीन का मानापमान अत्यन्त उपहासास्पद है। सम्प्रदायादि के भेद से भी व्रत-पर्वों का भेद दूषण नहीं, अपितु अमुकामुक सम्प्रदायनिष्ठों के लिये सम्मान्य है।

सभी प्राचीन आप्त आचार्यों और 'कुम्भतिथ्यादिनिर्णयः' आदि धर्मशास्त्रपरक ज्योतिषीय निबन्धों में सर्वभूतहृदय धर्मसम्राट् स्वामी श्रीकरपात्रीजी महाभाग आदि ने भी समारोहपूर्वक इसी पक्ष को समुद्घाटित किया है। मौलिक अध्येताओं के लिये भारतीय सूक्ष्म गणितसिद्धान्त सर्वकाल में मान्य रहेंगे।

वर्तमान में अतिशय चिन्ता का विषय यह है कि विविधपक्षीय पञ्चाङ्गनिर्माण के लिये अगणित सॉफ्टवेयर्स उपलब्ध हैं, जिनसे अल्प प्रयास में ही पञ्चाङ्ग तो तैयार हो जाते हैं; परन्तु पञ्चाङ्गों का सम्मान व्रतोपवासादि के मीमांसामूलक धर्मशास्त्रीय सूक्ष्मविचार से ही होता है, जिसकी सम्पूर्ति पारम्परिक शास्त्राध्ययन के अत्यन्ताभाव में प्रायः नहीं हो रही है। अन्यों के लिये भी, विशेषत: ज्योतिषियों के लिये तो सन्ध्या-गायत्र्यादि के माध्यम से ज्योति:शास्त्र के प्रथम प्रवर्त्तक भगवान् श्रीसूर्यनारायण की सम्यक् उपासना अत्यन्त अनिवार्य है। मैं पञ्चाङ्गविभाग के प्रबुद्ध प्रणेतृमण्डल एवं प्रयोक्ताओं से इस कमी को सदा के लिये दूर करने की महती अपेक्षा रखता हूँ और पञ्चाङ्ग किसी सम्प्रदायविशेष में बँधकर अल्पोपयोगी न हो जाय, इसका भी ध्यान रखना आवश्यक है।

श्रीनिम्बार्कपरिषद्, जयपुर, राजस्थान के द्वारा **सूर्यसिद्धान्तपक्षीय श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चाङ्गम्** का प्रकाशन शास्त्रवादी सनातनियों के लिये अत्यन्त ही हर्ष का विषय है । सर्वेश्वर भगवान् श्रीराधाकृष्ण की अहैतुकी कृपा से पञ्चाङ्गप्रणेता, पञ्चाङ्गप्रयोक्ता एवं एतत्सिद्धान्तानुसार व्रत पर्वादि श्रौत-स्मार्तधर्मों के अनुष्ठाता के दृश्यादृश्य लोकद्वय मङ्गलमय हों।

शुभमिति दिक्

शुभाशंसन

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि श्रीनिम्बार्क परिषद् के द्वारा प्राचीन परम्परायुक्त ग्रह-गणित की विधि से पञ्चांग बनाने की सदिच्छा प्रकट की गई। इस हेतु सूर्यसिद्धान्तोक्त ग्रहगणित की प्रक्रिया ही आर्ष परम्परानुकूल प्रतीत होती है। शास्त्रोक्त वचन भी इसी प्रकार के प्राप्त होते हैं।

पौलिशकृतः स्फुटोऽसौ तस्यासन्नस्तु रोमकः प्रोक्तः।
स्पष्टतरः सावित्रः परिशेषौ दूरविभ्रष्टौ॥ (पञ्चसिद्धान्तिका, प्रथम अध्यायः)

स्पष्ट है कि सनातन परम्परा में सूर्यसिद्धान्त का स्थान सर्वोच्च रहा है। कालान्तर में करण-ग्रन्थों के प्रभाव के कारण ग्रहलाघव प्रभृति करण-ग्रन्थों के आधार पर पञ्चांग का निर्माण होने लगा। इस नई परम्परा ने सिद्धान्त आधारित पञ्चांगों के निर्माण में न केवल अवरोध उत्पन्न किया अपितु सैद्धान्तिकगणित का विकासक्रम भी अवरुद्ध हो गया।

यद्यपि कमलाकर प्रभृति सूर्यसिद्धान्तैकपक्षपाती विद्वानों के द्वारा सौरपक्षीय गणनाधारित पञ्चांगों के निर्माण का प्रबलवाद उपस्थापित किया गया, किन्तु कुछेक मकरन्द आदि सारणियों को छोड़कर आधुनिक विद्वानों के द्वारा अन्य सौरपक्षीय सारणियों का अवलम्बन नगण्य हो गया। इसमें एक हेतु ग्रहगणना में पाश्चात्य मत का अवलम्बन भी रहा है। इस मत के प्रमुख संवाहकों में वेंकटेश बाबू, केतकर, केरोपन्त छत्रे आदि प्रमुख रहे हैं। ग्रहगणना में इस अत्यधिक मतवैभिन्न्य से विविध मतावलम्बी अनेकों पञ्चांगों का प्रादुर्भाव हुआ जिसने सनातन समाज में संशय की स्थिति उत्पन्न कर दी है।

वर्तमान समय में इस विषम परिस्थिति को देखकर तथा पारम्परिक पक्षीय सौर पञ्चांगों की समाज में न्यूनता का अनुभव करते हुए श्रीनिम्बार्क परिषद् के द्वारा व्रत-पर्वोत्सव संशयोच्छेदक **"श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांग"** राजस्थान की धर्मप्राण जनता को अमूल्य निधि के रूप में देने का स्तुत्य निर्णय किया गया है।

पञ्चांग निर्माण श्रमसाध्य एवं समयसाध्य प्रक्रिया है। पञ्चांग के गणित का निर्माण, व्रत-पर्वादि का निर्णय, विविध मुहूर्त्त एवं अन्य पञ्चांग सम्बन्धी आवश्यक तत्व, ये चार किसी भी पञ्चांग के आवश्यक घटक होते हैं। इन सभी घटकों का निष्पादन परिश्रम एवं अवधान के बिना असम्भव है।

मुझे यह कहते हुए हर्ष एवं गौरव का अनुभव हो रहा है कि इन सभी कार्यों हेतु योग्य एवं कर्मठ विद्वानों का अद्भुत संयोग श्रीनिम्बार्क प्रभु की कृपा से सम्भव हो सका है। इस पञ्चांग के गणितकर्ता एकान्तिक सारस्वत-साधनारत परमतपोनिष्ठ ब्रह्मचारी आचार्य श्री विनय झा सौरपक्षीयगणना एवं वेद-वेदाङ्गादि नानाशास्त्रों के अद्वितीय विद्वान हैं, आपके द्वारा साधित सूर्यसिद्धान्तीय गणित से देश में अनेक पञ्चांग प्रकाशित हो रहे हैं, पञ्चांग गणित हेतु आपने अपना अमूल्य सहयोग दिया एतदर्थ मैं हृदय से आपका आभारी हूँ।

इसी कर्म में काशीस्थ अखिल भारतीय विद्वत्परिषद् के महासचिव, विश्व पञ्चांग, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व सहसम्पादक, त्रिस्कन्ध ज्योतिष, धर्मशास्त्र, आगम के विलक्षण मर्मज्ञ, आचार्य श्री कामेश्वर उपाध्याय का अविस्मरणीय सहयोग एवं मार्गदर्शन हमें पदे-पदे प्राप्त होता रहा है। एतदर्थ उनका मैं उनका हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

इस पञ्चांग के प्रधान सम्पादक त्रिस्कन्धवेत्ता गुण-गणगरिष्ठ विद्याविनोदी विद्वद्वरेण्य आचार्य श्री सतीशचन्द्र शास्त्री, शास्त्र-चूड़ामणि, के.सं.वि.वि., जयपुर, ज्योतिषशास्त्र एवं पञ्चांग गणित के अत्यन्त वरिष्ठ आधिकारिक विद्वान हैं। आपने प्रधान सम्पादक की भूमिका का सहर्ष दायित्व निर्वहन करते हुए पञ्चांग का शास्त्रनिष्ठ सम्पादन करके हमें अनुगृहीत किया है।

यह पञ्चांग आज आपके सम्मुख इस रूप में प्रस्तुत हो सका है, इसमें अति शुभाशंसनीय भूमिका निभायी पञ्चांग के सम्पादक प्रो. श्यामदेव मिश्र, विभागाध्यक्ष, ज्योतिष विभाग, के.सं.वि.वि., जयपुर परिसर ने, जिनके कुशल नेतृत्व में सम्पादक मण्डल के सदस्य डॉ. विजेन्द्र शर्मा, डॉ. नीरज त्रिवेदी एवं डॉ. रामेश्वर दयाल शर्मा ने यह श्रमसाध्य कार्य संपन्न किया। एतदर्थ सम्पादन कार्य हेतु मैं उक्त विभागीय प्राध्यापकों को हार्दिक शुभाशीष प्रदान करता हूँ।

इसके साथ ही इस पञ्चांग के निर्माण में डॉ. अमित तिवारी, वरिष्ठ अनुष्ठान अध्येता, प्राकृत एवं डॉ. भोजराज शर्मा, अतिथि प्राध्यापक, ज्योतिष ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। एतदर्थ उक्त दोनों विद्वानों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। इस पञ्चांग के तकनीकी संयोजन आदि में महनीय भूमिका निभाकर डॉ. नमिता मित्तल, अतिथि प्राध्यापिका, संगणक विभाग, के.सं.वि.वि., जयपुर परिसर, एवं श्री मुदित मित्तल, अ.भा.विद्वत्परिषद् ने पञ्चांग को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया है, इस हेतु इन दोनों को भी हृदय से आशीर्वाद प्रदान करता हूँ।

पञ्चांग निर्माण रुपी इस सारस्वत क्रतु के आयोजन में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही है निगमागम-धर्मशास्त्रवेत्ता परमशाब्दीक आचार्य श्री मोहन लाल शर्मा, शास्त्र-चूड़ामणि, के.सं.वि.वि., जयपुर परिसर, की, आपके अथक परिश्रम एवं कुशल प्रबन्धन का परिणत रूप है यह "श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांग"। एतदर्थ हृदय से आपका आभार व्यक्त करता हुआ सर्वेश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूँ।

अन्त में मैं श्रीनिम्बार्क परिषद् का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने पञ्चांग निर्माण रूप इस पवित्र यज्ञ का संकल्प लिया एवं इसके सम्पादन रूप गुह्यतर कार्य हेतु ज्योतिष-विभाग, जयपुर परिसर में अपना विश्वास प्रकट करके विभाग की यशोवृद्धि हेतु अवसर कल्पित किया।

फाल्गुन पूर्णिमा
विक्रम संवत् २०७७

निदेशक
प्रो. अर्कनाथ चौधरी
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, जयपुर

प्रधान सम्पादकीय

श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांगम्

भारतीय संस्कृति वेद पर आधारित है, वेद यज्ञ विज्ञान के विधायक हैं, और यज्ञकाल का दृष्टिबोधन ज्योतिषशास्त्र कराता है, अतः यह वेद का नेत्र कहा गया है।

कालादापः समभवन् कालाद् ब्रह्म तपो दिशः।
कालेनोदेति सूर्यः काले नि विशते पुनः। (अथर्व० १९.५४.१)

काल से जल की, यज्ञादिकर्म की, चान्द्रायण आदि व्रत व तप की, तथा दश दिशाओं की उत्पत्ति हुई है। काल से ही सूर्य का उदय और काल में ही सूर्य अस्त हो जाता है।

अतः विशिष्ट काल ही व्रत-पर्व-तप, श्रौत-स्मार्त्त अनुष्ठानों का निर्धारक होता है। अतः संवत्सरारम्भ में चतुर्दिक पुरुषार्थों की सम्यक् सिद्धि हेतु पञ्चाङ्ग-निर्माण सनातन परम्परा में सदैव किया जाता है। शास्त्रों में ऋषियों द्वारा अपूर्व-अदृष्ट फल की सिद्धि हेतु सूर्यसिद्धान्तीय सूक्ष्म गणित श्रुतिवद् पूज्य कहा गया है।

श्रीनिम्बार्क परिषद्, जयपुर द्वारा सद्यः प्रकाशित **"श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चाङ्ग"** का यह प्रथम पुष्प विद्वज्जनों एवं जनता जनार्दन के कर कमलों में समर्पित करते हुए असीम प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। संवत्सर ही प्रजापति है, **'सम्वत्सर एव प्रजापतिः'** (शतपथ, १।६।३।५)। काल ही सर्वेश्वर और प्रजापति का भी पिता है। **"कालो ह सर्वस्येश्वरो यः पितासीत् प्रजापतेः"**(अथर्व० १९.५३.८)। भगवान् श्रीकृष्ण ने स्वयं को गीता में अक्षय काल **"अहमेवाक्षयः कालः"** कहा है। कालरूपी सर्वेश्वर श्रीकृष्ण के नाम वाला यह पञ्चाङ्ग भगवान् आदित्य की जय का हेतु बन रहा है।

सुदीर्घकाल से मन में एक अभिलाषा घर किए हुए थी कि विशुद्ध सूर्यसिद्धान्त पर आधारित एक पञ्चाङ्ग का प्रकाशन हो। आज श्रीनिम्बार्क परिषद् द्वारा प्रकाशित इस पञ्चाङ्ग के माध्यम से इस चिर आकांक्षा की पूर्तिक्रम में मैं परिषद् के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए धन्यवाद करता हूँ।

जैसा की विद्वज्जनों को विदित है कि भारतीय व्रतोत्सवों की कालादि निर्धारणा सौर मत के आधार पर ही की गई है। वर्तमान में प्रचलित पञ्चाङ्गों में प्रायः दृश्य गणित का ही आश्रय लेकर तदाधार का ही उल्लेख मिलता है, इसके मूल स्रोत के रूप में किस सिद्धान्त का अवलम्बन लिया गया है, प्रायः विदित नहीं हो पाता। यद्यपि इन पञ्चाङ्गों में स्पष्ट ग्रह स्थिति प्रायः समान ही दृष्टिगोचर होती है, तथापि सिद्धान्तों की विभिन्नता में तिथ्यादि मान में असमानता देखी जाती है। इससे जनसामान्य में भ्रान्तियों की उद्भावना स्वाभाविक समझी जा सकती है।

इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखकर एक सर्वमान्य सिद्धान्त का आश्रय लेकर नवीन पञ्चाङ्ग की यह परिकल्पना है। वर्तमान में सूर्यसिद्धान्त पर आधारित एक पञ्चाङ्ग काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से प्रकाशित हो रहा है, परन्तु राजस्थान में सौर पञ्चाङ्ग का पूर्णतः अभाव है, अतः जयपुर से भी ऐसा सम्भव हो, यही सोचकर विशुद्ध सौर सिद्धान्त को आधार मानकर यह पञ्चाङ्ग तैयार किया गया है। आशा है इससे व्रतोत्सवों सम्बन्धी कालादि विषयक भ्रान्तियों का निर्मूलन सम्भव हो सकेगा। यह प्रथम प्रयास है **"अनृता वै मनुष्याः"** इस शतपथ ब्राह्मण एवं **"गच्छतः स्खलन क्वापि भवेदेव प्रमादतः"** इस आभाणक के प्रकाश में मानवोचित स्वभाववश त्रुटियाँ सम्भव हैं। विद्वज्जनों से निवेदन है कि इस पञ्चाङ्ग में ऐसा कुछ ध्यान में आने पर अपने अमूल्य सुझावों से हमें कृतार्थ करें, जिससे आगामी प्रकाशन में उनका यथोचित समाधान सम्भव हो सके।

प्रस्तुत पञ्चाङ्ग में गणितकर्त्ता के रूप में आचार्य विनय झा, दरभङ्गा का अमूल्य सहयोग रहा। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के विद्वान निदेशक माननीय प्रोफेसर अर्कनाथ चौधरी जी का मार्गदर्शन इस प्रकाशन का परम संबल रहा। विश्वविद्यालय के ही ज्योतिष विभागाध्यक्ष, डॉ. श्यामदेव मिश्र एवं उनके सहकर्मी सभी सहाचार्य तथा सहायकाचार्य महानुभावों का सम्पादन कार्य में प्राप्त सौहार्दपूर्ण सहयोग, स्वल्पकालिक परिश्रम व प्रयास से इस पञ्चाङ्ग को मूर्त्तरूप प्रदान करने में परम सहयोगी रहे पं. मोहनलाल शर्मा, व्याकरणाचार्य तथा तकनीकी कार्य में प्रत्यक्ष व परोक्ष सहयोगी रहे इन सभी महानुभावों के प्रति में प्रणति पुरस्सर हार्दिक कार्त्तज्ञ एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हुआ विश्वास व्यक्त करता हूँ कि भविष्य में भी आप सज्जनों का सौहार्दपूर्ण सहयोग इसी रूप में मिलता रहेगा। इसी के साथ-

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग भवेत्।

इस सर्वजन मङ्गलकामना के साथ अपनी लेखनी को विराम देता हूँ।

॥ इति शम् ॥

पं. सतीशचन्द्र शास्त्री
प्रधान संपादक
मुक्तस्वाध्याय पीठम्, ज्योतिष विभाग,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर

फाल्गुन शुक्ल एकादशी
विक्रम संवत् २०७७

सम्पादकीय

सनातन-समाज का मूल उद्देश्य लौकिक और पारलौकिक अभ्युन्नति के साथ-साथ आत्यन्तिक दु:ख से निवृत्ति ही है। एतदर्थ इस प्राचीनतम और गौरवशाली सभ्यता के मूल में धर्म ही है। वेद, ब्राह्मण-आरण्यक-उपनिषद् आदि वैदिक साहित्य, वेदांग, पुराण, रामायण-महाभारत-स्मृतिग्रन्थ इत्यादि मूल-स्तम्भों पर दृढता से सुप्रतिष्ठित यह अतिविशिष्ट धर्ममूलक सामाजिक-प्रासाद, नित्य-नैमित्तिक-काम्ययागादिकरूप विविध जगती-जंघा-मण्डपादियों से सुव्यवस्थित, विवाहादि विविध संस्काररूप चितिओं से सुघटित तथा व्रत-पर्व-उत्सवरूप आमलसार-कलश-तोरणादियों से विभूषित है। फलत: उक्त सभी सनातन-समाज के अविच्छिन्न स्वभाव-रूप में अभिहित हैं।

इन संस्कारों, यागादिकों एवं व्रत-पर्व-उत्सवों के शास्त्रोक्त अभीष्टतम-फलप्राप्ति के मूल में 'तत्क्रियायोग्यकाल' ही है। काल-ज्ञान के अभाव में कृत-कर्म का अभीप्सित फल मिलना असम्भव है, कहा है –

अतीतानागते काले दानहोमजपादिकम् ।
ऊषरे वापितं बीजं तद्वद्भवति निष्फलम् ।। (ज्योतिर्निबन्ध २/१२)

चूंकि अनुकूल समय में किया गया कार्य ही सफलता की कुंजी है जिसका निर्धारण ज्योतिषशास्त्र के ज्ञान के बिना असम्भव है। जैसा कि स्वयं देवर्षि नारद ने कहा है –

विनैतदखिलं श्रौतस्मार्तकर्म न सिद्ध्यति ।
तस्माज्जगद्धितायेदं ब्रह्मणा रचितं पुरा ।। (नारदसंहिता १/४)

इसलिए काल का निर्धारण आरम्भ से ही सनातन-समाज का मुख्य चरित्र रहा है। वैदिक ऋषि सुपर्ण-चिति आदि के लेखन में तिथि, नक्षत्र, दिन-रात्रि-प्रमाण, मास, अधिमास, पक्ष, अयन सम्वत्सर आदि काल-बोधक-तत्त्वों का सांकेतिक-प्रयोग किया करता था। सम्पूर्ण वैदिक-वाङ्मय ज्योतिषीय सन्दर्भों से भरा पड़ा है। ऋग्वेद का यह मन्त्र वर्ष के १२ महीनों, ३६० दिनों, अधिमास आदि का उल्लेख करता है –

द्वादश प्रधयश्चक्रमेकं त्रीणि नभ्यानि क उ तच्चिकेत ।
यस्मिन् साको त्रिशता न शङ्कवोऽर्पिता: षष्टिर्न चलाचलास: ।। (ऋक् १/१६४/४८)

१२ चान्द्रमासों और अधिमास का नामोल्लेख तैत्तिरीय संहिता में इस प्रकार है –

मधुश्च माधवश्च शुक्रश्च शुचिश्च नभश्च नभस्यश्चेषश्चोर्जश्च सहश्च ।
सहस्यश्च तपश्च तपस्यश्चोपयाम गृहीतोऽसि सँ॰ सर्वोस्यँ॰ हस्पत्याय त्व ।। (तै.सं. १/४/१४)

कालक्रम से जैसे-जैसे भगवान् सूर्य, पितामह, देवर्षि नारद आदि एवं अत्रि, कश्यप, गर्ग, भृगु, पराशर आदि खगोलज्ञों व ज्योतिष-शास्त्र-प्रवर्तकों के द्वारा ग्रह-गणना के अनेकानेक नियम प्रकाश में लाए गए, वैसे-वैसे उन नियमों, सूत्रों के आधार पर तिथि-नक्षत्र-ग्रहबोधक-चक्रों का निर्माण आरम्भ हुआ जो कि पञ्चाङ्ग का प्रारम्भिक-स्वरूप था। इसके संकेत वेदांग-ज्योतिष में मिलते हैं।

वेदांग-ज्योतिष-वाङ्मय में परिगणित प्रमुख अङ्ग 'ऋक् ज्योतिष' आरम्भ में ही पञ्च-संवत्सरात्मक-युग की बात करता हुआ ज्योतिष के फलपर्यवासायी पक्ष को इंगित करते हुए सामाजिक-कार्यों में इसकी उपयोगिता, महत्ता और प्रासंगिकता को ध्वनित करता है –

पञ्चसंवत्सरमययुगाध्यक्षं प्रजापतिम् । दिनर्त्वयनमासाङ्गं प्रणम्य शिरसा शुचिम् ।।
ज्योतिषामयनं पुण्यं प्रवक्ष्याम्यनुपूर्वश: । सम्मतं ब्राह्मणेन्द्राणां यज्ञकालार्थसिद्धये ।।
(ऋक् ज्योतिष १-२)

ऋक् ज्योतिष में वर्णित नक्षत्र, तिथि, युग आदि की सूत्रात्मक गणनाएं न केवल तत्कालीन समाज में तिथि-नक्षत्रादि की गणना-मुख्यता को अभिव्यक्त करती हैं अपितु इन सूत्रों की गणितीय-गम्भीरता इस बात की ओर भी इशारा करती है कि तत्कालीन विद्वत्समाज में गभीर-खगोलीयज्ञान का अत्यधिक प्रचार था। इन नक्षत्र-तिथ्यादियों के साधन हेतु ऋक् ज्योतिष किसी दिग्दर्शिका के समान थी। और ऐसी अनेकों दिग्दार्शिकाओं के अस्तित्व से इन्कार नहीं किया जा सकता है। 'आर्च-ज्योतिष' सदृश ग्रन्थों ने ही वर्तमान पञ्चाङ्ग के लिए भूमि तैयार की, इस बात में कथमपि संदेह नहीं है।

एक ओर ऋक् ज्योतिष, शास्त्र के तत्कालीन सिद्धान्त-पक्ष से जगत् का परिचय कराता है तो वहीं दूसरी ओर **आथर्वण-ज्योतिष** 'विजय', 'शिव', 'अभिजित्', 'सारभट', 'मैत्र', 'कुतप' आदि मुहूर्त्तों को परिभाषित करते हुए इसके फल-पक्ष की अभिव्यक्ति करता है। 'शुभाशुभक्रियायोग्यकालो मुहूर्त:' वस्तुत: मुहूर्त्त शब्द के इस प्रकार की व्याख्या का उत्स अथर्व-ज्योतिष-सम्बन्धी कारिकाएं हैं। इस प्रकार, वेदांग-ज्योतिष-साहित्य ने ज्योतिष के स्वरूप को अधिक शास्त्रीय व समाजोन्मुखी बनाया।

वर्ष-पर्यन्त घटनीय समाजोपयोगी सभी ज्योतिषीय-सूचनाओं को एकत्रित करने के उपक्रम की परिणति, पञ्चाङ्ग की आरम्भिक-अवस्था कही जा सकती है। 'पञ्चाङ्ग' जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, १. तिथि, २, वार, ३. नक्षत्र, ४. योग और ५. करण इन पांच अंगों (कालविधायक-तत्त्वों) का समूह है, जो कि व्रत, पर्व आदि के निर्णय में सहायक होते हैं -

तिथिर्वारश्च नक्षत्रं योग: करणमेव च। पञ्चाङ्गमिति आख्यातं व्रतपर्वनिदर्शकम् ।।

श्री सर्वेश्वर जयादित्य पञ्चाङ्ग

जब इस पंचांग के निर्माण का विचार बना तभी परामर्शकों के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि चूंकि उक्त पंचांग का प्रकाशन 'निम्बार्क-परिषद्' जैसी सनातन-धर्मध्वजा-संवाहक-संस्था के द्वारा किया जाना है इसलिए ग्रह-गणना का आधार भी सनातन-परम्परा-पोषक सूर्य-सिद्धान्त ही होगा। इसलिए 'श्री सर्वेश्वर जयादित्य पञ्चाङ्ग' की गणित सूर्यसिद्धान्तीय-गणना को आधार बनाकर की गयी है। वर्तमान में प्रचलित प्रमुख पञ्चाङ्गों में काशी-हिन्दू-विश्वविद्यालय का 'विश्वपञ्चाङ्गम्' भी सूर्य-सिद्धान्तीय-पक्ष का पञ्चाङ्ग है। इस पंचांग को जयपुर के अक्षांश पर बनाया गया है। वर्त्तमान समय में प्रकाशित पंचांगों में जो विवाहादि-मुहूर्त्त, ग्रहण-आदि की जानकारी दी जाती है उन सभी महत्त्वपूर्ण विषयों का इस पंचांग में समावेश किया गया है। किन्तु इसकी विशेषता यह है कि इस पंचांग में, सनातन-समाज में प्रसिद्ध सभी व्रत-पर्व-उत्सव-सम्बन्धी काल-निर्णय और विधि-विधान-विषयक-ज्ञान के अतिरिक्त राजस्थानी-संस्कृति से जुड़े व्रत-पर्व-त्यौहारों का भी विशेष-रूप से उल्लेख किया गया है, जिसके कारण यह पंचांग समाज के लिए अत्युपयोगी हो गया है। इसकी दूसरी विशेषता यह है कि निम्बार्क-सम्प्रदाय की परम्परा में प्रचलित व्रत-पर्वादियों के काल-निर्णय के साथ ही साम्प्रदायिक-विधानों का भी यत्र-तत्र समावेश किया गया है।

प्रस्तुत पञ्चाङ्ग के विषय में यह विशेष-रूप से अवधेय है कि सूर्यसिद्धान्तीय-गणना पर आधारित होने के कारण, इस पंचांग से साधित (सौरपक्षीय) सूर्य आदि ग्रहों की स्थिति में, दृक्पक्षीय-पंचांग-साधित ग्रहों की अपेक्षा कुछ अंशात्मक अंतर आता है। इस सम्बन्ध में यह भी उल्लेखनीय है कि व्रत-पर्वादि के कृत्याकृत्य-निर्धारण में सर्वमान्य ग्रन्थ '**निर्णय-सिन्धु**' के कर्ता व महान् ज्योतिर्विद् '**सिद्धान्त-तत्त्व-विवेक**'कार **आचार्य कमलाकर भट्ट** ने सौरपक्षीय-ग्रह-गणना को ही शुद्ध मानते हुए, व्रत-पर्वादि के निर्णयार्थ व फलादेशार्थ तदाधारित पंचांग के ही आश्रय का प्रबल-समर्थन किया है।

ऐसे में इस पंचांग के प्रकाशन का मुख्य उद्देश्य, दृक्पक्षीय-ग्रह-साधन से इतर, व्रत-पर्व-आदि के वास्तविक-फल की प्राप्ति कराना तथा आर्ष-सम्मत-ग्रह-गणित द्वारा जन्म-कुण्डली के शुद्धफल की प्राप्ति कराना है।

सम्पादक
प्रो. श्यामदेव मिश्र
विभागाध्यक्ष, ज्योतिष
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर

फाल्गुनशुक्ल पूर्णिमा
विक्रम संवत् २०७७

॥ श्रीसर्वेश्वरो जयति ॥

स ईश्वरो व्यष्टिसमष्टिरूपो ऽव्यक्तस्वरूपः प्रकटस्वरूपः ।
सर्वेश्वरः सर्वगः सर्ववेत्ता समस्तशक्तिः परमेश्वराख्यः ॥

नतोऽस्मि सर्वेश्वरमादिदेवं प्रपन्नसंरक्षणबद्धकक्षम् ।
कारुण्यवात्सल्यदयादिसिन्धुं जगद्गुरुं ब्रह्मशिवादिवन्द्यम् ॥

जयस्व सर्वेश्वर विश्वमूर्त्ते सुरासुरैर्वन्दितपादपीठ ।
त्रैलोक्यमातुर्गुरवे वृषाङ्क भीतः शरण्यं शरणागतोऽस्मि ॥

विश्वरूप जयादित्य जय विष्णो जयाच्युत । जय केशव ईशान जय कृष्ण नमोऽस्तु ते ॥

जयादित्य जय स्वामिञ्जय भानो जयामल । जय वेदपते शश्वत्तारयास्मानहर्पते ॥

नियमेन यदानन्दो जगद्धासयतेऽखिलम् । तमहं नियमानन्दं वन्दे कृष्णं जगद्गुरुम् ॥

साङ्गोपाङ्गाय वेदाय ज्योतिषां ज्योतिषे नमः। सूर्याय सूर्यसिद्धान्तज्योतिर्विद्भ्यो नमो नमः॥

स्वस्ति श्रीः सूर्यसिद्धान्तमतेन समस्तजगदुत्पत्ति स्थिति लय नियमन-ज्ञानाज्ञानबन्धमोक्षकारणस्य स्वाभावतोऽपास्तसमस्तदोषोऽनन्ताचिन्त्य विचित्रयावदात्म-वृत्तिस्वाभाविककल्याणगुणशक्तिवैभवाश्रयो जगज्जन्मादिहेतुरखिलशास्त्रैकवेद्यो मुक्तप्राप्यः परब्रह्मभगवदादिशब्दाभिधेयश्चिदचित्पदार्थभिन्नाभिन्नसंबन्धाश्रयः श्रीपुरुषोत्तमोरमानिवास श्रीमहाविष्णोर्नाभिकमलोद्भवस्य चतुर्मुखब्रह्मणः परमायुः वर्षशतम्। तत्र पूर्वार्धं गतम् । उत्तरार्धे प्रथमवर्षे प्रथममासे प्रथमदिने श्वेतवराहकल्पसंज्ञे प्रथमकल्पे अहि त्रयोदशघटिकाः द्विचत्वारिंशत् पलानि च व्यत्यायन् । कृतत्रेताद्वापरकलियुगैरेकं महायुगं भवति । तैरेकसप्ततिमहायुगैः एकं मन्वन्तरम् । तैश्चतुर्दशभिरेकः कल्पः । तत् ब्रह्मणो दिनम् । तावती रात्रिः । एतादृशैः षष्ट्यधिकशतत्रयदिवसैरेकः ब्रह्मणो वर्षः । वर्तमानब्रह्मणो दिनमध्ये षण्मनवो गताः । इदानीं वर्तमानः सप्तमो वैवस्वतो मनुः । वैवस्वतमन्वन्तरेऽपि एकसप्ततिमहायुगमध्ये सप्तविंशतिमहायुगानि गतानि। अष्टाविंशतिततमेऽपि महायुगे कृतत्रेताद्वापराख्यास्त्रयो युगपादाः गताः । कलियुगेऽपि ५१२२ वर्षाः गताः ॥

महायुगप्रमाणम् – ४३ लक्ष २० सहस्रवर्षाः ।
कृतयुगप्रमाणम् – १७ लक्ष २८ सहस्रवर्षाः । **त्रेतायुगप्रमाणम् –** १२ लक्ष ९६ सहस्रवर्षाः।
द्वापरयुगप्रमाणम् – ८ लक्ष ६४ सहस्रवर्षाः । **कलियुगप्रमाणम् –** ४ लक्ष ३२ सहस्रवर्षाः।

कल्पादितः – १९७२९४९१२२ वत्सराव्यतीताः । **सृष्ट्यादितश्च –** १९५५८८५१२२ ।
श्रीरामरावणयोर्युद्धतो गतवर्षाणि – ८८०१६३ । **श्रीकृष्णावतारात् गतवर्षाणि –** ५२५७ ।
विक्रमराज्यकालासंवत्सराः गताः २०७८ । **शकारम्भतश्च** १९४३ ।

तत्र चैत्रशुक्लप्रतिपत् तिथिमारभ्य गुरुमानेन प्रभवादि षष्ट्यब्दानां मध्ये रूद्रविंशतिकायां
राक्षसनाम संवत्सरारम्भः ।

राक्षस नामक संवत्सर

श्री शुभसंवत् २०७८, शक १९४३, कलियुगाब्दारम्भ ५१२३, १३ अप्रैल २०२१ से 1 अप्रैल २०२२ तक

इस संवत्सर का नाम राक्षस है। राक्षस का अर्थ होता है- शौच और आचार के विपरीत जीवन पद्धति और प्रवृत्ति से युक्त- "राक्षसाब्देऽखिलालोका राक्षसा इव निष्क्रियाः।" राक्षस संवत्सर में अधिकांश आबादी नैतिक एवं वैधानिक मूल्यों के विपरीत आचरण करती है।

इस वर्ष वर्षपति अर्थात् **राजा मंगल** ग्रह है। जिस वर्ष मंगल राजा होता है उस वर्ष पृथ्वी पर कलह की अत्यधिक वृद्धि होती है। प्रशासनिक टकराव बढ़ता है, युद्ध एवं अग्नि के कारण जनधन की हानि होती है। राजाओं में परस्पर युद्ध का वातावरण बनता है। चोरी-डकैती एवं अत्याचार में वृद्धि होती है। सभी प्रकार की दुर्घटनायें बढ़ती हैं इस वर्ष मंत्री मंगल है।

भौमे नृपे वह्निभयं जनक्षयं चौराकुलं पार्थिव विग्रहं च।
दुःखं प्रजाव्याधि वियोगपीड़ा स्वल्पं पयो मुञ्चति वारिवाहः।।

जिस वर्ष **मंत्री मंगल** होता है उस वर्ष जनप्रतिनिधि उग्र आचरण करते हैं। मंगल ग्रह के हाथ में ही राजा एवं मंत्री दोनों पद होने के कारण दृढ़निश्चयी मंत्री एवं पदाधिकारी कार्य करने में सफल रहेंगे अनेक राज्यों में रक्षक ही भक्षक बन बैठेंगे।

इस वर्ष **वित्तमंत्री शुक्र** है। देश में धन, धान्य, समृद्धि की वृद्धि होगी। आय और व्यय में सन्तुलन बना रहेगा। आयात-निर्यात में देश मजबूत होगा। राष्ट्रीय योजनायें जनहित में बनेंगी और पूर्ण भी होंगी। प्रजाजन में प्रसन्नता रहेगी।

इस वर्ष **मेघेश मंगल** है। इस वर्ष अल्पवृष्टि के कारण धान्य उत्पत्ति में गिरावट का योग है। कहीं अतिवृष्टि तो कही अनावृष्टि का योग बनेगा।

इस वर्ष **धान्येश गुरु है, रसेश सूर्य है, नीरसेश शुक्र** है, **फलेश चन्द्रमा** है, **धनेश शुक्र** है, **दुर्गेश मंगल** है।

भारतवर्ष के लिए यह संवत्सर तनावपूर्ण विकासकारी है। मई मास में लगने वाला चतुर्ग्रही योग देश के पश्चिमोत्तर भाग में तनाव उत्पन्न करेगा। प्रतीत होता है दिल्ली से लेकर काश्मीर तक इस मास में कलह, आतंक आदि से दुष्प्रभावित रहेगा। मंगलप्रधान यह वर्ष भारतवर्ष के भीतर प्रधानमंत्री को चुनौती प्रस्तुत करेगा। जिसे वे दृढ़ता के साथ निपटाने में सक्षम होंगे। केन्द्र और राज्य के सम्बन्धों में तनाव के समाचार आते रहेंगे। ग्रीष्म काल में दुर्घटनाओं का बाहुल्य रहेगा। दिसम्बर २०२१ में तनाव बढ़ने का योग है। यह सम्पूर्ण वर्ष राक्षसों की सक्रियता और पराजय का है।

धर्मशास्त्र के अनुसार तिथ्यादिमान सौरमत (सूर्यसिद्धान्त) के अनुरूप होना चाहिए।

अतः इस पञ्चांग में व्रत-पर्व-त्यौहार का मान सूर्यसिद्धान्त के अनुसार प्रतिपादित है।

संवत् २०७८ का राशिफल

– डॉ. कामेश्वर उपाध्याय

श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांगम्

(१३ अप्रैल २०२१ से १ अप्रैल २०२२ तक)

(यहाँ एक वर्ष का स्थूल राशिफल दिया जा रहा है जो ग्रहयोग पर आधारित है।)

मेष- यह वर्ष स्वास्थ्य एवं दाम्पत्यजीवन के लिए शुभकारी है। जुलाई मास में दुर्घटना से बचना होगा। जीविका में समर्थन एवं विरोध लगा रहेगा। पिता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी रहेगी। दिसम्बर मास में स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। २०२२ के आरम्भिक तीन मास धनागमकारी हैं। समग्रत: यह वर्ष अनुकूल रहेगा।

वृष- स्वास्थ्य को लेकर निरन्तर चिंता बनी रहेगी। दाम्पत्यजीवन में कलह न बचाने पर विघटन संभव है। कन्धे तथा भुजाओं में कष्ट संभव है । शुभकार्यों में अवरोध बना रहेगा। अगस्त में निर्माण सम्बन्धी कार्य आगे बढ़ेगा। पिता से मतभेद से बचना होगा, नवम्बर में रक्तचाप एवं दुर्घटना से बचना होगा। जनवरी से मार्च २०२२ तक नये कार्यों में सफलता का योग है।

मिथुन- वर्ष पर्यन्त धीमी गति से शुभकार्य होते रहेंगे। पारिवारिक कलह से बचना होगा। मित्रों एवं श्रेष्ठजनों से निरन्तर सहयोग मिलेगा। निर्माण कार्य में प्रगति का योग है। पीलिया रोग से बचना होगा। अनेक जातक विदेशयात्रा कर सकेंगे घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने का योग हैं। विद्या में सफलता मिलेगी।

कर्क- विद्यार्थियों के लिए यह वर्ष चुनौतीपूर्ण है। जुलाई मास में दुर्घटना से बचना होगा। प्रत्यक्ष कलह से दूर रहें। विश्वास करने पर धनहानि होगी। गलत सुझावों पर अमल से वर्षपर्यन्त संकट बढ़ेगा। घर में मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। २०२२ में मार्च मास तक की अवधि अत्यन्त अनुकूल और प्रगतिकारी है। हनुमद् आराधना करते रहें ।

सिंह- जीविका क्षेत्र में संकट बना रहेगा। साझा कार्य हानिकारक सिद्ध होगा। व्यावसायिक कलह से जितना हो सके बचें। पिता से मतभेद एवं अधिकारियों से विवाद का दुर्योग है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। अपनी योजनाओं को गुप्त रखकर किया हुआ कार्य सफल होगा। दिनचर्या एवं भोजन पर नियन्त्रण रखने से स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

कन्या- विद्यार्थियों के लिए यह वर्ष शुभकारी है। प्रोन्नति एवं सफलता प्राप्ति का योग बना हुआ है। देश-विदेश की यात्रा सम्भव है। गुरुजनों से अनावश्यक विवाद बचाना होगा। साधारणतः यह वर्ष प्रगति का है। अनावश्यक विवाद एवं उत्तेजना से दूर रहकर आगे बढ़ने का योग है। भीतरी बाहरी सहयोग मिलता रहेगा।

तुला- भवन, वाहन एवं संसाधन का योग वर्ष पर्यन्त बना हुआ है। विद्या के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। उदर-व्याधि से सावधान रहना होगा। अगस्त मास में व्यावसायिक हानि एवं कलह से बचें। निर्माण कार्य में निरन्तर सफलता मिलेगी। सम्पर्क में वृद्धि तथा यात्रा का योग उत्तम है। इस वर्ष परिवार में अनेक शुभकार्य सम्पन्न होंगे।

वृश्चिक- इस वर्ष स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी। शारीरिक से अधिक मानसिक कष्ट का दुर्योग है। दाम्पत्यजीवन में टकराव रोकना होगा अन्यथा सम्बन्धविच्छेद तक की स्थिति आ सकती है। पिता एवं पूज्यजनों द्वारा भरपूर सहयोग मिलेगा। उधार देने से बचना होगा अन्यथा कलह और मानसिक क्षोभ बढ़ेगा। महामृत्युञ्जय मंत्र जप कराना शुभ रहेगा।

धनु- परिवार के लिए यह वर्ष शुभकारी है। विद्या सफलता का योग है। देश-विदेश का भ्रमण योग लगा हुआ है। अक्टूबर से मार्च मास तक निरन्तर प्रगति एवं अपने क्षेत्र में विकास का योग है। धनागम में तेजी आयेगी। अत्यधिक व्यय से बचें, दूसरों के कलह में भागीदार बनने से समय एवं धन दोनों नष्ट होगा। क्रोध पर नियन्त्रण रखें।

मकर- शनि की साढ़ेसाती निरन्तर बनी हुई है। अतः शनि वैदिक मन्त्र का जप, हनुमद् आराधन और महामृत्युञ्जय मन्त्र जप कराना उत्तम रहेगा। अपने ही लोगों से उग्र विवाद से बचना होगा अन्यथा पारिवारिक संकट बढ़ेगा। अपने भीतर सही और गलत को लेकर अक्टूबर मास तक द्वन्द्व चलता रहेगा। आराधना से ही संकट से बचाव होगा।

कुम्भ- शनि की साढ़ेसाती जीविका एवं धनागम पर चोट मार रही है। विवाद बढ़ने की स्थिति में न्यायालय का चक्कर लगाना पड़ सकता है। निर्माण कार्य में बाधा का योग है। धनहानि एवं धनागम में अवरोध से मन खिन्न रहेगा। श्री हनुमान जी की आराधना स्वयं भी करते रहे। उधार दिया धन नहीं लौटेगा। अपनी योजना को गुप्त रखें।

मीन- भवन, वाहन एवं संसाधन में वृद्धि का योग प्रबल है। सन्तान को लेकर चिंता बनी रहेगी। पिता एवं गुरुजनों से टकराव बचाना होगा। उत्तम व्यवहार करने से लाभ होगा और तनाव करने से धनहानि होगी। वर्ष का उत्तरार्ध अत्यन्त शुभ एवं अनुकूल है। श्रेष्ठजनों से सहयोग मिलता रहेगा। देश-विदेश की यात्रा सम्भव है।

विशेष- २ जून से २० जुलाई तक कर्क का मंगल दुर्घटनाकारी है। गुरु और शनि की युति अक्टूबर मास तक पारिवारिक एवं निकटस्थजनों से संशय योग उत्पन्न करेगी। अनिर्णय की स्थिति के कारण परिवार में एकता भंग होने का योग है। १७ नवम्बर से १५ दिसम्बर के बीच वातावरण में तनाव रहेगा। दुर्घटनाओं का योग बढ़ेगा। यह अवधि राष्ट्रीय क्षितिज पर घरेलू तनाव का कारक है। जो एक माह से तीन मास तक बनी रहेगी। २०२२ में जनवरी से मार्च के बीच देश का आर्थिक पक्ष मजूबत होगा। इन तीन महीनों में अनेक भ्रष्टाचारियों तथा राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों का पर्दाफाश होगा। तमाम अन्तर्विरोधों के बावजूद भारतवर्ष की प्रगति सतत् जारी रहेगी।

उदयास्त विचार

शुक्र ग्रह विचार (उदयास्त)

१९ अप्रैल २०२१ को शुक्र पश्चिम दिशा में **उदित हो रहा है।**

५/६ जनवरी २०२२ को शुक्र पश्चिम दिशा में रात्रि में **अस्त हो रहा है।**

११ जनवरी २०२२ को शुक्र पूर्व दिशा में **उदित हो रहा है।** अस्त से तीन दिन पूर्व वार्धक्य दोष तथा उदय से तीन दिन बाद तक बालत्व दोष में शुभकार्य वर्जित होता है।

बृहस्पति ग्रह विचार (उदयास्त)

२१ फरवरी २०२२ को पश्चिम दिशा में **मध्यरात्रि ००:५८ पर बृहस्पति अस्त होगा। २१ मार्च २०२२** को पूर्व दिशा में **रात्रि २२:३८ पर बृहस्पति उदित होगा।** अस्त से तीन दिन पूर्व वार्धक्य दोष तथा उदय से तीन दिन बाद तक बालत्व दोष में शुभकार्य वर्जित हैं। **गुरु वर्षारम्भ से कुम्भ में है। ६ अक्तू. को मकर में प्रवेश व ४ नवम्बर को पुनः कुम्भ में आएगा।**

शनि ग्रह विचार

सूर्यसिद्धान्त गणित के अनुसार शनि मकर राशि में मार्गी चल रहा है, जो २१ मई २०२१ को वक्री हो रहा है। यह ६ अक्टूबर २०२१ को पुनः मकर राशि में ही मार्गी हो रहा है। वर्ष पर्यन्त शनि मकर राशि में विद्यमान है।

राहु-केतु ग्रह विचार

सूर्यसिद्धान्त गणित के अनुसार राहु वृष राशि में १३ अप्रैल २०२१ से लेकर १ अप्रैल २०२२ तक अर्थात् संवत्सर पर्यन्त विद्यमान् है। व केतु वृश्चिक राशि में संवत्सर पर्यन्त विद्यमान् है।

संवत् २०७८- १३ अप्रैल २०२१ से १ अप्रैल २०२२ तक के ग्रह-गोचर

ग्रह राशि प्रवेश	मंगल	बुध	शुक्र
मेष		१४ अप्रैल	वर्षारम्भ से
वृषभ	वर्षारम्भ से	१ मई	३ मई
मिथुन	१५ अप्रैल	४ जुलाई	२७ मई
कर्क	२ जून	२२ जुलाई	२१जून
सिंह	२० जुलाई	८ अगस्त	१६ जुलाई
कन्या	५ सितम्बर	२५ अगस्त	१० अगस्त
तुला	२१ अक्तूबर	१ नवम्बर	५ सितम्बर
वृश्चिक	५ दिसम्बर	२० नवम्बर	२ अक्तूबर
धनु	१७ जनवरी	७ दिस., २८ जन.	३१ अक्तूबर
मकर	२८ फरवरी	२७ दिस., ९ फर.	१ मार्च
कुम्भ		४ मार्च	३१ मार्च
मीन		२१ मार्च	

सूर्य की द्वादश संक्रान्तियाँ

सूर्य की द्वादश संक्रान्तियों को प्रतिमाह की सूची में उनके आसन्न अंग्रेजी तारीख के साथ दिया गया है। स्पष्ट सूर्य गणित के अनुसार इनकी तिथि एक दिन आगे पीछे होती रहती है। ये द्वादश संक्रान्तियाँ हैं मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ, मीन।

चतुर्दश्यष्टमी चैव अमावास्या च पूर्णिमा। पर्वाण्येतानि राजेन्द्र! रविसंक्रान्तिरेव च।।

चतुर्दशी, अष्टमी, आमावास्या, पूर्णिमा एवं सूर्य की द्वादश संक्रान्तियाँ पर्व कहलाती हैं। सूर्य संक्रान्ति से ही वर्ष, ऋतु एवं अयन का निर्धारण होता है। देव एवं असुरों की दिन-रात्रियाँ सूर्य संक्रान्ति से ही निर्धारित होती हैं। सूर्य संक्रान्ति के दिन स्नान-दान-व्रत-जप-श्राद्ध-होम किया जाता है। मेष और तुला की संक्रान्ति को विषुव संक्रान्ति कहते हैं मकर और कर्क की संक्रान्ति को अयन संक्रान्ति कहते हैं। मिथुन, कन्या, धनु, मीन संक्रान्ति को षडशीतिमुख संक्रान्ति कहते हैं।

सामान्यरूप से संक्रान्ति से १६ घटी (६ घंटा २४ मिनट) पूर्व और पश्चात् पुण्यकाल होता है। मकर और कर्क संक्रान्ति को छोड़कर अन्य संक्रान्तियों में यदि मध्यरात्रिमें संक्रमण हो तो दोनों दिन पुण्यकाल होता है। यदि सूर्यास्त के बाद मकर संक्रान्ति हो तो अगले दिन स्नान-दान हेतु पुण्यकाल होता है। अर्द्धरात्रि या रात्रि में कर्क संक्रान्ति होने पर पुण्यकाल पूर्वदिन ही होता है।

यदास्तमयवेलायां मकरे याति भास्करः। प्रदोषे चार्द्धरात्रे वा स्नानं दानं परेऽहनि।।
अर्द्धरात्रे तदूर्ध्वं वा संक्रान्तौ दक्षिणायने। पूर्वमेव दिनं ग्राह्यं यावन्नोदयते रविः।। *गर्ग संहिता।*

कर्क संक्रान्ति में सूर्योदय से ३ घटी (७२ मिनट) पहले संक्रमण होने पर पूर्व दिन ही पुण्यकाल होता है। यदि सूर्योदय पूर्व से ३ घटी के अन्दर संक्रमण हो तो अगले दिन पुण्यकाल होगा।

सूर्य संक्रान्तियाँ

१. मेष संक्रान्ति १४ अप्रैल २०२१, ५.१४ मि. से, वसन्त ऋतु, **खरमास समाप्ति**

२. वृष संक्रान्ति १४ मई २०२१, रात्रि ३.४० से, ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भ

३. मिथुन संक्रान्ति १५ जून २०२१ दिन १३.४५ से, ग्रीष्म ऋतु

४. कर्क संक्रान्ति १६ जुलाई २०२१, अगलीभोर ५.१६ से, वर्षा ऋतु **दक्षिणायनारम्भ**

५. सिंह सक्रान्ति १७ अगस्त २०२१, दिन १६.३४ से, वर्षा ऋतु

६. कन्या संक्रान्ति १७ सितम्बर २०२१, दिन १६.५८ से, शरद् ऋतु प्रारम्भ

७. तुला संक्रान्ति १७ अक्टूबर २०२१, रात्रि ३.२४ से, शरद् ऋतु

८. वृश्चिक संक्रान्ति १६ नवम्बर २०२१, रात्रि ००.४५ से, हेमन्त ऋतु प्रारम्भ

९. धनु संक्रान्ति १६ दिसम्बर २०२१, दिन १२.४७ से, हेमन्त ऋतु, **खरमासारम्भ**

१०. मकर संक्रान्ति१५ जनवरी २०२२,रात्रि२०.४१ से, शिशिर, **खरमाससमाप्ति**, **उत्तरायण**

११. कुम्भ संक्रान्ति १२ फरवरी २०२२, प्रातः ७.३७ से, शिशिर ऋतु

१२. मीन संक्रान्ति १४ मार्च २०२२, रात्रि ३.९ से, वसन्त ऋतुप्रारम्भ, **खरमासारम्भ**

संवत् २०७८ के ग्रहण

१३ अप्रैल २०२१ से १ अप्रैल २०२२ तक

(इस वर्ष राजस्थान में कोई ग्रहण दृश्य व महत्व का नहीं है।)

१. चन्द्रग्रहण- वैशाखशुक्ल पूर्णिमा, अनुराधानक्षत्र, बुधवार, २६ मई २०२१ को स्वल्प काल के लिए भारतवर्ष के पूर्वी भाग में दृश्य होगा। यह चन्द्रग्रहण भारतवर्ष में दिन में लगने के कारण अदृश्य रहेगा और पूर्वी भाग में सायं ६.२२ पर इसका मोक्ष होगा। यह ग्रहण कनाडा, आस्ट्रेलिया, जापान, कोरिया, रूस आदि में पूर्ण दृश्य होगा। **राजस्थान व भारतवर्ष के अन्य भागों में इस ग्रहण का धार्मिक महत्त्व नहीं होगा।**

२. कंकणसूर्यग्रहण- (भारत में अदृश्य) ज्येष्ठकृष्ण अमावास्या, रोहिणी/ मृगशीर्ष नक्षत्र, गुरुवार, १० जून २०२१ को अफ्रीका, अमेरिका, चीन, मंगोलिया, ग्रीनलैण्ड, यू.के. आदि देशों में दृश्य होगा। **भारतवर्ष में इस ग्रहण का धार्मिक महत्त्व नहीं होगा।**

३. खण्डचन्द्रग्रहण- कार्तिकशुक्ल पूर्णिमा, कृत्तिकानक्षत्र, शुक्रवार, १९ नवम्बर २०२१ ग्रहण का मोक्षकाल सायं १६.१७ बजे होने के कारण पूर्वी भाग अरूणाचल प्रदेश आदि में यह अत्यन्त स्वल्प काल के लिए ग्रस्तास्त दृश्य हो सकता है। **राजस्थान व भारतवर्ष के अन्य भागों में इस ग्रहण का धार्मिक महत्त्व नहीं होगा।**

४. खग्रास्तसूर्यग्रहण- (भारत में अदृश्य) मार्गशीर्षकृष्ण अमावास्या, अनुराधा/ ज्येष्ठानक्षत्र, शनिवार, ४ दिसम्बर २०२१। यह आस्ट्रेलिया, अफ्रीका, अमेरिका आदि में दृश्य होगा। **यह ग्रहण भारत में दृश्य नहीं है, अतः भारतवर्ष में इस ग्रहण का धार्मिक महत्त्व नहीं होगा।**

जो ग्रहण अपने भूखण्ड पर दिखाई नहीं देता उसका धार्मिक महत्त्व नहीं होता है। अतः अदृश्य ग्रहण को लेकर अनावश्यक विमर्श निरर्थक होता है। दिन का चन्द्रग्रहण तथा रात्रि का सूर्यग्रहण विफल होता है।- **सूर्यग्रहो यदा रात्रौ दिवा चन्द्रग्रहो यदि।**

तत्र स्नानं न कुर्वीत दद्याद् दानं न च क्वचित्।।

ग्रहण काल में किया हुआ स्नान, जप, दान पुण्यकारी होता है। सूर्य और चन्द्र के ग्रहण में जो मोक्ष स्नान नहीं करता वह सूतक दोष का भागी होता है- **मुक्तौ यस्तु न कुर्वीत स्नानं ग्रहणसूतके।**

स सूतकी भवेत्तावद्यावत्स्यादपरो ग्रहः।।

श्री सर्वेश्वर अष्टकम्

(श्रीराधासर्वेश्वरशरणदेवाचार्य श्री श्रीजी महाराज विरचित)

सनन्दनाद्यैः परिसेविताय, युग्मस्वरूपेण विराजिताय ।
चक्राङ्किताया़ऽतिमनोहराय, नमोऽस्तु सर्वेश्वर-माधवाय ॥१॥
श्रीनारदान्तर्हृदि संस्थिताय, मुनीन्द्रनिम्बार्कसुपूजिताय ।
सौन्दर्यलावण्यगुणार्णवाय, नमोऽस्तु सर्वेश्वर-माधवाय ॥२॥
केशेन्द्रदेवैरभिवन्दिताय, गोपाङ्गनागोकुलजीवनाय ।
निजाश्रिताऽतङ्कनिवर्तकाय, नमोऽस्तु सर्वेश्वर-माधवाय ॥३॥
राधाहृदागारनिमज्जिताय, निकुञ्जलीलारतिवर्द्धकाय ।
कालिन्दिकूले रसलासिताय, नमोऽस्तु सर्वेश्वर-माधवाय ॥४॥
वृन्दावनश्रीक्षणहर्षिताय, कदम्बकुञ्जान्तशोभिताय ।
सखीसहस्रैरनुरञ्जिताय, नमोऽस्तु सर्वेश्वर-माधवाय ॥५॥
नन्दात्मजायाऽखिलमोहनाय, सर्वैः समाराध्यशुचिस्मिताय।
कृष्णाय पूर्णाय सुकोमलाय, नमोऽस्तु सर्वेश्वर-माधवाय ॥६॥
वंशीरवाऽकर्षितश्रीवनाय, हैवङ्गीवीनाऽशननिर्गताय ।
श्रीरासलीलारससंप्लुताय, नमोऽस्तु सर्वेश्वर-माधवाय ॥७॥
गोचारणाऽनारतनैपुणाय, वेदान्तवेद्याय सुलोचनाय ।
संसारदावानलमोचनाय, नमोऽस्तु सर्वेश्वर-माधवाय ॥८॥
सर्वेश्वराष्टकं स्तोत्रं भक्ताभीष्टप्रदायकम् ।
राधासर्वेश्वराख्येन शरणान्तेन निर्मितम् ॥९॥

श्री जयादित्य अष्टकम्

(श्रीस्कन्द महापुराणे)

न त्वं कृतः केवलसंश्रुतश्च यजुष्येवं व्याहरत्यादिदेव! ।
चतुर्विधा भारती दूरदूरं धृष्टः स्तौमि स्वार्थकामः क्षमैतत् ॥१॥
मार्तण्डसूर्यांशुरविस्तथेन्द्रो भानुर्भगश्चाऽर्यमा स्वर्णरिताः ॥२॥
दिवाकरो मित्रविष्णुश्च देव! ख्यातस्त्वं वै द्वादशात्मा नमस्ते ।
लोकत्रयं वै तव गर्भगेहं जलाधारः प्रोच्यसे खं समग्रम् ॥३॥
नक्षत्रमाला कुसुमाभिमाला तस्मै नमो व्योमलिङ्गाय तुभ्यम् ॥४॥
त्वं देवदेवस्त्वमनाथनाथस्त्वं प्राप्यपालः कृपणे कृपालुः ।
त्वं नेत्रनेत्रं जनबुद्धिबुद्धिराकाशकाशो जय जीवजीवः ॥५॥
दारिद्र्यदारिद्र्य निधे निधीनाममङ्गलामङ्गल शर्मशर्म ।
रोगप्ररोगः प्रथितः पृथिव्यां चिरं जयाऽऽदित्य! जयाऽऽप्रमेय! ॥६॥
व्याधिग्रस्तं कुष्ठरोगाभिभूतं भग्नघ्राणं शीर्णदेहं विसंज्ञम् ।
मातापिताबान्धवाः सन्त्यजन्ति सर्वैस्त्यक्तं पासि कोऽस्तित्वदन्यः ॥७॥
त्वं मे पिता त्वं जननी त्वमेव त्वं मे गुरुर्बान्धवाश्च त्वमेव ।
त्वं मे धर्मस्त्वञ्च मे मोक्षमार्गो दासस्तुभ्यं त्यज वा रक्ष देव! ॥८॥
पापोऽस्मि मूढोऽस्मि महोग्रकर्मा रौद्रोऽस्मि नाऽऽचारनिधानमस्मि ।
तथापि तुभ्यं प्रणिपत्य पादयोर्जयं भक्तानामर्पयं श्रीजयार्क! ॥९॥

इति श्रीस्कांदे महापुराण प्रथमे माहेश्वरखण्डे कौमारिकाखण्डे जयादित्य अष्टकम् ।।

शिव-वास

शु.प.तिथि	कृ.प.तिथि	शिववासम्	फलम्
१, ८, १५	७, १४	श्मशाने	मृत्युः
२, ९	१, ८, ३०	गौरीसन्निधौ	शुभम्
३, १०	२, ९	सभायाम्	तापकारकम्
४, ११	३, १०	क्रीडायाम्	विशिष्टकष्टम्
५, १२	४, ११	कैलाशे	सुखम्
६, १३	५, १२	वृषे	श्री प्राप्तिः
७, १४	६, १३	भोजने	कष्टप्राप्तिः

अग्नि-वास चक्र

शु.प.तिथि	कृ.प.तिथि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
१, ९	२, १०	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
२, १०	३, ११	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
३, ११	४, १२	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
४, १२	५, १३	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
५, १३	४, १४	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
६, १४	७, अमा.	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
७, पूर्णि.	अष्टमी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
अष्टमी	१, ९	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी

शनि की साढ़ेसाती

शनिग्रह जिस राशि पर रहता है उससे एक राशि आगे और एक राशि पीछे इस प्रकार कुल तीन राशि को प्रभावित करता है। शनि एक राशि पर ढ़ाई वर्ष रहता है। कुल तीन राशि पर इसका काल साढ़ेसात वर्ष का होता है। इसे ही शनि की **सार्द्धसप्तवार्षिकी (साढ़ेसाती)** कहते हैं। **द्वादशे जन्मगे राशौ द्वितीये च शनैश्चरः। सार्द्धानि सप्तवर्षाणि तदा दुःखैर्युतो भवेत्।**

सूर्यसिद्धान्त के अनुसार शनि वर्षपर्यन्त अर्थात् १३ अप्रैल २०२१ से १ अप्रैल २०२२ तक मकर राशि में विद्यमान है। अतः **शनि की साढ़ेसाती धनु, मकर और कुम्भ राशियों पर चलेगी।** वर्षारम्भ से लेकर १९ मई २०२१ तक शनि मार्गी है । २१ मई २०२१ से लेकर ८ अक्टूबर २०२१ तक शनि वक्री रहेगा। ९ अक्टूबर २०२१ से लेकर वर्षान्त १ अप्रैल २०२२ तक शनि मार्गी ही रहेगा। धनु राशि पर साढ़ेसाती का प्रभाव शुभकारी हो गया है। मकर एवं कुम्भ राशि के ऊपर साढ़ेसाती का प्रभाव अपने चरम पर दिखाई देगा। अतः शनि का जप हवन तथा श्रीहनुमान जी की आराधना करने से साढ़ेसाती का दुष्प्रभाव नगण्य होगा।

शनि की ढैया

जब अपनी जन्मराशि से शनि चतुर्थ या अष्टम में स्थित हो तो शनि की ढैय्या चलती है। इसकी अवधि ढाई वर्ष की होती है। शनि की ढैया का प्रभाव भी जातक को प्रभावित करता है। यदि कुण्डली में चन्द्रमा शुभ स्थान में स्थित होकर योगकारी हो तो शनि की ढैया का प्रभाव कल्याणकारी होता है। कतिपय लोग इसे शनि की कल्याणी भी कहते हैं। **इस वर्ष शनि की ढैया तुला राशि एवं मिथुन राशि के ऊपर है।**

मेष - कर्क, वृश्चिक का शनि ढैया कारक।	**वृष -** सिंह, धनु का शनि ढैया कारक।
मिथुन - कन्या, मकर का शनि ढैया कारक।	**कर्क -** तुला, कुम्भ का शनि ढैया कारक।
सिंह - वृश्चिक, मीन का शनि ढैया कारक।	**कन्या -** धनु, मेष का शनि ढैया कारक।
तुला - मकर, वृष का शनि ढैया कारक।	**वृश्चिक -** कुम्भ, मिथुन का शनि ढैया कारक।
धनु - मीन, कर्क का शनि ढैया कारक।	**मकर -** मेष, सिंह का शनि ढैया कारक।
कुम्भ - वृष, कन्या का शनि ढैया कारक।	**मीन -** मिथुन, तुला का शनि ढैया कारक।

शनिसाढ़ेसाती शांति स्तोत्र

महर्षि पिप्लाद ने शनि की साढ़ेसाती की शांति के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्तोत्र का निर्माण किया। इस स्तोत्र के पाठ से साढ़ेसातीजनित बाधा दूर होती है और रोग, कष्ट तथा कलह से बचाव होता है। इससे जीविका बाधा भी दूर होती है इस स्तोत्र का शनिवार के दिन १०८ बार पाठ किया जाता है:--

नमस्ते कोणसंस्थाय पिङ्गलाय नमोऽस्तु ते। नमस्ते बंधु रूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तु ते ।।१।।
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चान्तकाय च। नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते सौरये विभो ।।२।।
नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्वर नमोऽस्तु ते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च ।।३।।

मंगली कुण्डली विचार

मंगल को लेकर ज्योतिषीगण न भ्रम में रहें, न भ्रमयुक्त निर्णय दें। भ्रमयुक्त निर्णय दाम्पत्य का नाश कर सकता है। अतः सावधानीपूर्वक मंगली कुण्डली का निर्णय दें।

◆ कुण्डली में १, ४, ७, ८, १२ वें भाव में मंगल बैठा हो तो कुण्डली मंगली होती है। इसी तरह से चन्द्रमा के साथ मंगल बैठा हो या चन्द्रमा से ४, ७, ८, १२ वें भाव में बैठा हो तो कुण्डली चन्द्र मंगली होती है। प्रमाणवचन-

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या भर्तुविनाशाय भत्ता पत्नी विनाशकृत्।।

◆ यदि लड़की मंगली कुण्डली वाली है तो लड़का भी मंगली कुण्डली वाला होना चाहिए।

◆ मंगल दोष का परिहार शनि करता है। यदि शनि कुण्डली में लग्न या चन्द्रमा से १, ४, ७, ८, १२वें भाव में बैठा हो तो वह मंगल दोष का शमन (नाश) करता है-

जामित्रे च यदा सौरिः लग्ने वा हिबुकेऽथवा। अष्टमे द्वादशे वाऽपि भौमदोषविनाशकृत्।।

◆ यह व्यवस्था पूरे देश में मान्य है। साफ्टवेयर द्वारा कुण्डली मेलापक में चन्द्रमंगली दोष पर विचार नहीं किया गया है। यह घातक प्रवृत्ति है।

◆ मंगल दोष का परिहार अपनी ही कुण्डली में नहीं देखा जाता है।

◆ यदि कन्या की कुण्डली मंगली है तो परिहार वर की कुण्डली में देखा जाता है ।

◆ यदि वर की कुण्डली मंगली है तो परिहार कन्या की कुण्डली में देखा जाता है।

◆ १, ४, ७ केन्द्रों में बैठा मेष, वृश्चिक, मकर का मंगल राजयोगकारी होने पर भी मंगली-कुण्डली का दोष देता है। यह दाम्पत्य के लिए बाधक होता है।

परिहार (उपाय)

◆ यदि लड़की की कुण्डली मंगली है और लड़के की कुण्डली मंगली नहीं है और कोई ज्योतिषीय परिहार न निकले तो धर्मशास्त्रीय परिहार करना चाहिए। ऐसा करने से विच्छेद या वैधव्यादि दोष नहीं उत्पन्न होता है।

◆ कुम्भ विवाह, विष्णु प्रतिमा विवाह और अश्वत्थविवाह ये तीन धर्मशास्त्रीय परिहार कन्या के लिए बतलाये गये हैं। ये उपाय आज भी व्यवहार में हैं।

◆ अर्कविवाह वर के लिए होता है। इससे कन्या के जीवन की रक्षा होती है ।

◆ मंगलदोष परिहार के लिए लड़का या लड़की (जो मंगल दोष से ग्रस्त हो) हेतु ब्राह्मणों द्वारा सवा लाख महामृत्युंजय मंत्र का जप कराया जाता है। यह भी परम्परा प्राप्त एवं शास्त्रोक्त परिहार है।

◆ धर्मशास्त्रीय परिहार प्रायशः विवाह से पूर्व और तिलकोत्सव के बाद किया जाता है। अभी बहुतायत में यही परम्परा सक्रिय है।

विवाह मुहूर्त्त २०२१-२०२२
(१३ अप्रैल २०२१ से १ अप्रैल २०२२ तक)

श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांगम्

◆ **विवाह के मास- चैत्र** (मेषकासूर्य), **वैशाख** (वृषकासूर्य), **ज्येष्ठ** (वृष-मिथुनकासूर्य), **आषाढ़** (मिथुनकासूर्य, शुक्लदशमीतक), **कार्तिक** (वृश्चिकर्कासूर्य), **मार्गशीर्ष** (वृश्चिककासूर्य), **पौष** (मकरकासूर्य), **माघ** (मकरकासूर्य), **फाल्गुन** (कुम्भकासूर्य)। कार्तिक व पौष में प्रायः वृश्चिक और मकर का सूर्य नहीं मिलता है। ◆ श्रावण, भाद्रपद, आश्विन मास विवाह में वर्जित है।
◆ मृत्युबाण में विवाह वर्जित होता है। सूर्य के १, १०, १९, २८ गतांश पर मृत्युबाण होता है। ◆ पारस्कर गृह्यसूत्रोक्त नक्षत्रचतुष्टयी को मुहूर्त्तो में सम्मिलित नहीं किया गया है।
◆ १७ जुलाई २०२१ से कर्कसंक्रान्ति दोष व २० जुलाई २०२१ से हरिशयनदोष में विवाह वर्जित रहेंगे। ◆ हरिप्रबोधिनी एकादशी १५ नवम्बर २०२१ से विवाह मुहूर्त्त आरम्भ होंगे।
◆ १६ दिस. २०२१ से १४ जन. २०२२ तक खरमास दोष है। २२ फर. से २३ मार्च २०२२ तक बृहस्पति अस्त व १५ मार्च २०२२ से खरमास आरम्भ होने से विवाह मुहूर्त्त का अभाव है।

क्र सं	दिनाँक	मास, पक्ष, तिथि, वार	चन्द्र नक्षत्र (विवाह नक्षत्र)	सूर्य राशि	चन्द्र राशि	गुरु राशि	लतादि दशदोष रेखा दोष– ऽ, शुद्ध रेखा– ।	विवाह लग्न	समय
१	**२३-०४-२०२१**	चैत्र शुक्ल ११, शुक्र	उत्तराफाल्गुनी	मेष	सिंह	कुम्भ	ऽ।।।।।।ऽऽ।	कुम्भ, मीन	रात्रि २:५० से सूर्योदय तक
२	**२६-०४-२०२१**	चैत्र शुक्ल १४, सोम	स्वाति	मेष	तुला	कुम्भ	।।।।ऽ।।ऽ।।	कुम्भ, मीन	रात्रि ११:१६ पश्चात् २:२७ से ५:२१ तक
३	**२७-०४-२०२१**	चैत्र शुक्ल १५, मंगल	स्वाति	मेष	तुला	कुम्भ	८ रेखा	मिथुन, सिंह	**मि.**-८:५७-११:०३, **सिं**-१३:२३-१५:३९
४	**३०-०४-२०२१**	वैशाख कृष्ण ४, शुक्र	मूल	मेष	धनु	कुम्भ	।।।।।।।ऽ।।	गोधूलि, कुम्भ, मीन	**कुम्भ, मीन-** रात्रि २:११-५:०५
५	**०१-०५-२०२१**	वैशाख कृष्ण ५, शनि	मूल	मेष	धनु	कुम्भ	९ रेखा	दिवा- मिथुन,कर्क	**मिथुन, कर्क-** ८:३४-१३:०७
६	**०२-०५-२०२१**	वैशाख कृष्ण ६, रवि	उत्तराषाढ़ा	मेष	मकर	कुम्भ	।ऽ।।।।।।।।	गोधूलि	दिन १४:१७ से भद्रा रात्रि २०:१८ पूर्व
७	**०३-०५-२०२१**	वैशाख कृष्ण ७, सोम	उत्तराषाढ़ा	मेष	मकर	कुम्भ	९ रेखा	दिवा लग्न	प्रातः ७:३२ से १३:२८ तक
८	**०७-०५-२०२१**	वैशाख कृष्ण ११, शुक्र	उत्तराभाद्रपद	मेष	मीन	कुम्भ	ऽऽ।।।।ऽऽ।।	मकर, कुम्भ	रात्रि ९:३४ बाद **लग्न-** २३:५९-३:१२
९	**०८-०५-२०२१**	वैशाख कृष्ण १२, शनि	रेवती	मेष	मीन	कुम्भ	।।।।।।।ऽ।।।	सिंह, गोधूलि, कुम्भ	**सिं.**-१२:४०-१४:५६, **कु.**-१:३९-३:०८
१०	**०९-०५-२०२१**	वैशाख कृष्ण १३, रवि	रेवती	मेष	मीन	कुम्भ	९ रेखा	कन्या	**कन्या-** १४:५३-१७:०७
११	**१३-०५-२०२१**	वैशाख शुक्ल २, गुरु	रोहिणी	मेष	वृष	कुम्भ	।।।।ऽ।।।।।	गोधूलि, कुम्भ, मीन	**कुम्भ, मीन-** रात्रि १:२०-४:१४
१२	**१४-०५-२०२१**	वैशाख शुक्ल ३, शुक्र	मृगशिरा	मेष	वृष	कुम्भ	९ रेखा	दिवारात्रि	स्वयं सिद्ध (अबूझ)
१३	**२१-०५-२०२१**	वैशाख शुक्ल ९, शुक्र	उत्तराफाल्गुनी	वृष	कन्या	कुम्भ	।।।।।।ऽऽ।।	दिवारात्रि	प्रातः १०:४५ पश्चात्
१४	**२२-०५-२०२१**	वैशाख शुक्ल ११, शनि	हस्त	वृष	कन्या	कुम्भ	।।।।।।।ऽ।।	सिंह	**सिं.**-११:४१-१३:५७ व भद्रा२६:२८ पश्चात्
१५	**२४-०५-२०२१**	वैशाख शुक्ल १३, सोम	स्वाति	वृष	तुला	कुम्भ	।।।।।ऽ।।।	कन्या, धनु	**कन्य**-१३:५४-१६:०८, **ध.**-२०:४७-२२:५१
१६	**२६-०५-२०२१**	वैशाख शुक्ल १५, बुध	अनुराधा	वृष	वृश्चिक	कुम्भ	।।।।ऽ।ऽ।।।	कन्या, गोधूलि, मकर	**कन्य**-१३:४६-१६:००, **म.**-२०:३९-२२:४३
१७	**२९-०५-२०२१**	ज्येष्ठ कृष्ण ३, शनि	उत्तराषाढ़ा	वृष	धनु	कुम्भ	।।।।ऽ।।ऽऽऽ	मीन	रात्रि **मीन-** १:४६-३:११
१८	**०५-०६-२०२१**	ज्येष्ठ कृष्ण ११, शनि	रेवती	वृष	मीन	कुम्भ	।।।।।।।ऽ।।	कन्या, गोधूलि, कुम्भ	**कन्य**-१३:०७-१५:२१, **कु.**-२०:३९-२२:४३
१९	**१८-०६-२०२१**	ज्येष्ठ शुक्ल ८, शुक्र	हस्त	मिथुन	कन्या	कुम्भ	।ऽ।।।।।।।।	कुम्भ, मीन	रात्रि २३:५२ व्यति.पश्चात् से १:५३ तक
२०	**१९-०६-२०२१**	ज्येष्ठ शुक्ल ९, शनि	हस्त	मिथुन	कन्या	कुम्भ	९ रेखा	सिंह, कन्या	**लग्न-** ९:५५-१४:२६, मुहूर्त्त १६:५५ तक

क्र सं	दिनाँक	मास, पक्ष, तिथि, वार	चन्द्र नक्षत्र (विवाह नक्षत्र)	सूर्य राशि	चन्द्र राशि	गुरु राशि	लतादि दशदोष रेखा दोष– ऽ, शुद्ध रेखा– ।	विवाह लग्न	विशेष विवरण
२१	२०-०६-२०२१	ज्येष्ठ शुक्ल १०, रवि	स्वाति	मिथुन	तुला	कुम्भ	ऽ।।।।ऽ।।।	दिवारात्रि	दिन १५:३३ से भद्रा २३:०६ पूर्व (अबूझ)
२२	२१-०६-२०२१	ज्येष्ठ शुक्ल ११, सोम	स्वाति	मिथुन	तुला	कुम्भ	ऽऽऽऽ।।ऽ।।	सिंह, कन्या	भद्रा पश्चात् ९:५६ से दिन १४:०१ तक
२३	२२-०६-२०२१	ज्येष्ठ शुक्ल १२, मंगल	अनुराधा	मिथुन	वृश्चिक	कुम्भ	।ऽ।।ऽ।।।।	तुला, मीन	**तु.**-१४:१५-१६:३३,**मीन**-००:१२-१:३७
२४	२४-०६-२०२१	ज्येष्ठ शुक्ल १५, गुरु	मूल	मिथुन	धनु	कुम्भ	।।।।।।ऽऽ।	तुला, मीन	**तु.**-१४:०७-१६:२५,**मीन**-००:०४-१:२९
२५	०१-०७-२०२१	आषाढ़ कृष्ण ७, गुरु	उत्तराभाद्रपद	मिथुन	मीन	कुम्भ	ऽ।।।ऽ।ऽ।।	कन्या, मीन	**क.**-११:२५-१३:३९,**मीन**-२३:३७-१:०२
२६	०२-०७-२०२१	आषाढ़ कृष्ण ८, शुक्र	रेवती	मिथुन	मीन	कुम्भ	ऽ।।।।।ऽ।ऽ	कन्या, गोधूलि, कुम्भ	**क.**-११:२१-१३:३५, **कु**-२२:०४-२३:३२
२७	०६-०७-२०२१	आषाढ़ कृष्ण १२,मंगल	रोहिणी	मिथुन	वृष	कुम्भ	।।।ऽ।ऽ।ऽ।।	मीन, वृष	**मीन**-२३:१७-००:४२,**वृष.**-२:१९-४:१४
२८	१२-०७-२०२१	आषाढ़ शुक्ल २, सोम	मघा	मिथुन	सिंह	कुम्भ	।।।ऽ।।।ऽ।	वृष, मिथुन	रात्रि २:४५ पश्चात् सूर्योदय ५:४३ तक
२९	१३-०७-२०२१	आषाढ़ शुक्ल ३, मंगल	मघा	मिथुन	सिंह	कुम्भ	८ रेखा	दिवा लग्न कन्या	**कन्या**- १०:३८-१२:५२
३०	१६-०७-२०२१	आषाढ़ शुक्ल ७, शुक्र	हस्त	मिथुन	कन्या	कुम्भ	।।ऽ।।।ऽऽ।।	कुम्भ, मीन	**लग्न**-२१:०९-००:०३, भद्रा २:०० पूर्व
३१	१५-११-२०२१	कार्तिक शुक्ल ११,सोम	उत्तराभाद्रपद	वृश्चिक	मीन	कुम्भ	अबूझ	दिवारात्रि	स्वयं सिद्ध (अबूझ)
३२	२०-११-२०२१	मार्गशीर्ष कृष्ण १, शनि	रोहिणी	वृश्चिक	वृष	कुम्भ	।।।।ऽऽऽ।।।	कन्या, तुला	**कन्या-तुला**- रात्रि २:०५-६:३८
३३	२८-११-२०२१	मार्गशीर्ष कृष्ण ९, रवि	उत्तराफाल्गुनी	वृश्चिक	सिंह	कुम्भ	।।।।ऽ।।ऽ।।	कन्या	सायं १७:३५पश्चात्, **लग्न**-१:३३-३:४७
३४	२९-११-२०२१	मार्गशी. कृष्ण १०, सोम	हस्त	वृश्चिक	कन्या	कुम्भ	।।।।ऽ।।।ऽ।	सिंह, कन्या, तुला	भद्रा २२:५५ पश्चात् **लग्न**- २३:१३-६:०२
३५	३०-११-२०२१	मार्गशी. कृष्ण ११,मंगल	हस्त	वृश्चिक	कन्या	कुम्भ	।।।।ऽ।।।।।	मीन, दिवा	**मीन**-१३:३७-१५:०२
३६	०१-१२-२०२१	मार्गशीर्ष कृष्ण १२, बुध	स्वाति	वृश्चिक	तुला	कुम्भ	।ऽ।।।।।।।।	सिंह, कन्या	**सिंह-कन्या**- २३:०५-०३:३६
३७	०२-१२-२०२१	मार्गशीर्ष कृष्ण १३, गुरु	स्वाति	वृश्चिक	तुला	कुम्भ	९ रेखा	मीन	**लग्न**- १३:२९ से दिन १४:३८ पूर्व
३८	११-१२-२०२१	मार्गशीर्ष शुक्ल ८, शनि	उत्तराभाद्रपद	वृश्चिक	मीन	कुम्भ	।।।।।ऽ।।।	तुला	**लग्न**- रात्रि ३:२२ पश्चात् ५:१५ तक
३९	१३-१२-२०२१	मार्गशीर्ष शुक्ल १०,सोम	रेवती	वृश्चिक	मीन	कुम्भ	।ऽ।।ऽ।।ऽ।।	कन्या, तुला	**कन्या-तुला**- ००:३३-०५:०७
४०	२२-०१-२०२२	माघ कृष्ण ४, शनि	उत्तराफाल्गुनी	मकर	कन्या	कुम्भ	।।।।।ऽऽऽ।।	गोधूलि, कन्या, तुला	**कन्या-तुला**- २१:५६-०२:२९
४१	२३-०१-२०२२	माघ कृष्ण ६, रवि	हस्त	मकर	कन्या	कुम्भ	।।।।।।।ऽऽ।	गोधूलि, कन्या, तुला	**कन्या-तुला**- २१:५२-०२:२५
४२	०५-०२-२०२२	माघ शुक्ल ५, शनि	रेवती	मकर	मीन	कुम्भ	।ऽ।।।।।।।।	तुला, धनु	स्वयं सिद्ध (अबूझ)
४३	०६-०२-२०२२	माघ शुक्ल ६, रवि	रेवती	मकर	मीन	कुम्भ	९ रेखा	मीन, गोधूलि	**मीन**-प्रातः ९:०९-१०:३४
४४	०९-०२-२०२२	माघ शुक्ल ८, बुध	कृत्तिका	मकर	वृष	कुम्भ	।।।।ऽ।।।ऽ।	वृश्चिक	**लग्न**- रात्रि १:५० पश्चात् ३:३७ तक
४५	१८-०२-२०२२	फाल्गुन कृष्ण २, शुक्र	उत्तराफाल्गुनी	कुम्भ	सिंह/कन्या	कुम्भ	।।।।।।।।।।	गोधूलि, कन्या, वृश्चिक	स्वयं सिद्ध (अबूझ)
४६	१९-०२-२०२२	फाल्गुन कृष्ण ३, शनि	उत्तराफाल्गुनी	कुम्भ	कन्या	कुम्भ	९ रेखा	वृश्चिक, धनु	भद्रा २२:१५ पश्चात् **लग्न**-००:३९-५:०३

द्विरागमन मुहूर्त्त (सम्वत् २०७८, २०२१-२०२२)

श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांगम्

◆ **वधूप्रवेश-** नवविवाहिता का पिता के घर से विदा होकर पति के घर प्रथम प्रवेश। वधूप्रवेश १६ दिन के भीतर समदिनों एवं ५, ७, ९ विषम दिनों में होता है। एक वर्ष के भीतर विषम मासों में होता है। इसमें शुक्र का विचार नहीं होता।

◆ **द्विरागमन-** वधूप्रवेश के बाद पति के घर से पिता के घर में आयी हुई वधू का पुन: पतिगृह में प्रवेश को द्विरागमन कहा जाता है। यह विषम वर्षों में कुम्भ (११), वृश्चिक (८) एवं मेष (१) के सूर्य में किया जाता है- **घटालिमेषगे रवौ।** मुहूर्त्तमार्तण्डग्रन्थ के अनुसार विलम्बित वधूप्रवेश एवं द्विरागमन वैशाख, फाल्गुन एवं मार्गशीर्ष मास में किया जाता है- **'वैफामार्गसिते जगुः'** (४/४०)। वैशाख में मेष का सूर्य, मार्गशीर्ष में वृश्चिक का सूर्य तथा फाल्गुन में कुम्भ का सूर्य प्राय: होता है। द्विरागमन में शुक्र का विचार होता है। सम्मुख एवं दक्षिण शुक्र अशुभ होता है। वाम एवं पृष्ठ शुक्र शुभ होता है। प्रथम संतान को लेकर यात्रा करते समय भी शुक्र का विचार होता है। वधूप्रवेश एवं द्विरागमन खरमास, हरिशयन, गुरु-शुक्र के अस्त में नहीं किया जाता है। रेवती से मृगशीर्ष तक चन्द्रमा के रहने पर शुक्र अन्धा रहता है। इसमें अनिवार्य होने पर विदाई होती है। ◆ **वधूप्रवेश की तिथियाँ-** १, २, ३, ५, ७, ८, १०, १२, १३, १५

◆ **वधूप्रवेश के नक्षत्र-** अश्विनी, रोहिणी, मृगशीर्ष, पुष्य, मघा, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती। वधूप्रवेश के वार - सोम, गुरु, शुक्र, शनि, मतान्तर से बुध। ◆ **वर्जित लग्न-** १, ४, ७, १०

चैत्र शुक्लपक्ष (वधू प्रवेश मुहूर्त्त, मेष का सूर्य)

२२ अप्रैल २०२१ गुरुवार, दशमी, मघा नक्षत्र में वधूप्रवेश लग्न २, ५।

२६ अप्रैल २०२१ सोमवार, पूर्णिमा, चित्रा नक्षन में दिन १२.०० बजे से वधूप्रवेश लग्न ११, १२।

वैशाख कृष्णपक्ष (वधूप्रवेश एवं द्विरागमन, मेष का सूर्य)

२८ अप्रैल २०२१ बुधवार, द्वितीया अनुराधा नक्षत्र में द्विरागमन लग्न १२ ।

२९ अप्रैल २०२१ गुरुवार, तृतीया, अनुराधा नक्षत्र में भद्रा दिन ३.३८ से पूर्व लग्न २ ३ ।

३० अप्रैल २०२१ शुक्रवार, पंचमी, मूल नक्षत्र में दिन ४.४७ से रिक्तादोष है।

३ मई २०२१ सोमवार, सप्तमी, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में भद्रा प्रातः ७.३२ पश्चात् लग्न २ , ३ ।

५ मई २०२१ बुधवार, दशमी, शतभिषा नक्षत्र में सायं ५.१४ से लग्न ७ ।

६ मई २०२१ गुरुवार, दशमी, शतभिषा नक्षत्र में प्रातः से सायं ५.०८ तक भद्रादोष है।

७ मई २०२१ शुक्रवार, एकादशी, उ.भा. नक्षत्र में वैधृतिदोष है अत्यावश्यक होने पर रात्रि ९.३३ पश्चात्।

वैशाख शुक्लपक्ष (वधूप्रवेश एवं द्विरागमन, मेष का सूर्य)

१३ मई २०२१ गुरुवार, द्वितीया, रोहिणी नक्षत्र में वधूप्रवेश-द्विरागमन लग्न २, ३।

१४ मई २०२१ शुक्रवार, तृतीया, मृगशीर्ष नक्षत्र में वधूप्रवेश- द्विरागमन लग्न २, ३।

वृषसंक्रान्ति १४ मई २०२० (रात्रि ३.१२) से द्विरागमन मुहूर्त्त बन्द हो जाता है।

(कुछ पंचांगों में नवमी, त्रयोदशी एवं पूर्णिमा को द्विरागमन मुहूर्त्त दिया है जो वृषसंक्रान्ति के कारण अशुद्ध है।)

ज्येष्ठ कृष्णपक्ष (वधूप्रवेश, वृष का सूर्य)

२८ मई २०२१ शुक्रवार, द्वितीया, मूल नक्षत्र में वधूप्रवेश लग्न २, ५ है।

३१ मई २०२१ सोमवार को पंचमी, श्रवण नक्षत्र में वधूप्रवेश लग्न २ ५ है।

४ जून २०२१ शुक्रवार, दशमी, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में प्रात: ५.३३ से वधूप्रवेश ल. ३, ५ है।

ज्येष्ठ शुक्लपक्ष (वधूप्रवेश, वृष एवं मिथुन का सूर्य)

११ जून २०२१ शुक्रवार, प्रतिपदा, मृगशीर्ष नक्षत्र में वधूप्रवेश लग्न २, ५ है।

१६ जून २०२१ बुधवार, सप्तमी, मधा नक्षत्रयोग में वधूप्रवेश।

२१ जून २०२१ सोमवार, द्वादशी, स्वाती नक्षत्र में दिन ९.५७ से २.०३ तक वधूप्रवेश मुहूर्त्त है।

२४ जून २०२१ गुरुवार, पूर्णिमा, मूल नक्षत्र में भद्रा दिन १.२५ पश्चात् वधूप्रवेश मुहूर्त्त है।

आषाढ़ कृष्णपक्ष (वधूप्रवेश, मिथुन का सूर्य)

२८ जून २०२१ सोमवार, पंचमी, धनिष्ठा नक्षत्र में दिन ५.३८ पश्चात् वधूप्रवेश मुहूर्त्त है।

१ जुलाई २०२१ गुरुवार, सप्तमी, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में प्रातः ५.४८ पश्चात् लग्न ५, ८।

२ जुलाई २०२१ शुक्रवार, अष्टमी, रेवती नक्षत्र में वधूप्रवेश लग्न ५, ८।

७ जुलाई २०२१ बुधवार, त्रयोदशी, रोहिणी नक्षत्र में वधूप्रवेश लग्न ५, ८।

आषाढ शुक्लपक्ष (वधूप्रवेश, मिथुन का सूर्य)

१५ जुलाई २०२१ गुरुवार, सप्तमी, हस्त नक्षत्र में रात्रि ३.४९ से वधूप्रवेश मुहूर्त्त है।

(कुछ पंचांगों में षष्ठी तिथि में वधूप्रवेश दिया हुआ है जो वर्जित हैं । ४, ६, ९,११, १४ तिथियों में वधूप्रवेश वर्जित है।)

कार्तिक शुक्लपक्ष (वधूप्रवेश एवं द्विरागमन, १६ नवम्बर २०२१ वृश्चिक का सूर्य रात्रि १२.१८ से)

१७ नवम्बर २०२१ बुधवार, त्रयोदशी, अश्विनी नक्षत्र में वधूप्रवेश एवं द्विरागमन लग्न ८।

१९ नवम्बर २०२१ शुक्रवार, पूर्णिमा,रोहिणी नक्षत्र में वधूप्रवेश-द्विरागमन रात्रि २७.४२ से सूर्योदयपूर्व ल. ८।

मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष (वधूप्रवेश एवं द्विरागमन, वृश्चिक का सूर्य)

२४ नवम्बर २०२१ बुधवार, पंचमी, पुनर्वसु नक्षत्र में वधूप्रवेश- द्विरागमन लग्न ८ है।

२५ नवम्बर २०२१ गुरुवार, षष्ठी में कतिपय पंचांगों में वधूप्रवेश- द्विरागमन मुहूर्त्त है।

२९ नवम्बर २०२१ सोमवार, दशमी, उ.फा. नक्षत्र में भद्रा दिन ११.२८ पूर्व वधूप्रवेश-द्विरागमन मुहूर्त्त है।

१ दिसम्बर २०२१ बुधवार, द्वादशी, चित्रा नक्षत्र में वधूप्रवेश-द्विरागमन लग्न ९, १२ है।

मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष (वधूप्रवेश एवं द्विरागमन, वृश्चिक का सूर्य)

६ दिसम्बर २०२१ सोमवार, द्वितीया, मूल नक्षत्र में वधूप्रवेश-द्विरागमन लग्न ९ है।

८ दिसम्बर २०२१ बुधवार, पंचमी, श्रवण नक्षत्र में वधूप्रवेश- द्विरागमन लग्न ९ है।

१० दिसम्बर २०२१ शुक्रवार, सप्तमी, शतभिषा नक्षत्र में वधूप्रवेश-द्विरागमन लग्न ९ है।

१३ दिसम्बर २०२१ सोमवार, दशमी, रेवती नक्षत्र में वधूप्रवेश-द्विरागमन लग्न ९ है।

माघ कृष्णपक्ष (वधूप्रवेश, मकर का सूर्य)

२० जनवरी २०२२ गुरुवार, द्वितीया, मघा नक्षत्र में वधूप्रवेश मुहूर्त्त लग्न ११, २ है ।

२४ जनवरी २०२२ सोमवार, सप्तमी, चित्रा नक्षत्र में भद्रा सायं ५.२७ पश्चात् वधूप्रवेश मुहूर्त्त है।

२७ जनवरी २०२२ गुरुवार, दशमी, अनुराधा नक्षत्र में भद्रा दिन ११.५२ पूर्व वधूप्रवेश मुहूर्त्त ल. ११,१२ है।

माघ शुक्लपक्ष (वधूप्रवेश, मकर का सूर्य, १३ फरवरी से कुम्भ का सूर्य)

२ फरवरी २०२२ बुधवार, प्रतिपदा, धनिष्ठा नक्षत्र में वधूप्रवेश मुहूर्त्त लग्न ११, १२ है।

१० फरवरी २०२२ गुरुवार, दशमी, रोहिणी नक्षत्र में दिन १२.०४ पश्चात् वधूप्रवेश मुहूर्त्त लग्न २ है।

१४ फरवरी २०२२ सोमवार, त्रयोदशी, पुष्य नक्षत्रमें दिन ११.५३ पश्चात् वधूप्रवेश-द्विरागमन ल. २,३,५॥

फाल्गुन कृष्णपक्ष (वधूप्रवेश एवं द्विरागमन, कुम्भ का सूर्य)

१७ फरवरी, २०२२ गुरुवार, प्रतिपदा, मघा नक्षत्र में वधूप्रवेश- द्विरागमन २, ३ है।

१८ फरवरी, २०२२ शुक्रवार, द्वितीया, उ.फा. नक्षत्र में सायं ५.१६ पश्चात् वधूप्रवेश- द्विरागमन लग्न ६ है।

इसके आगे १९ फरवरी २०२२ से को गुरुवार्धक्य आरम्भ तथा २२ फरवरी २०२२ को गुरुअस्त होने के कारण वधूप्रवेश एवं द्विरागमन मुहूर्त्त का अभाव है। २३ मार्च २० २२ को गुरु उदय होगा। आगे खरमासदोष है।

उपनयन (यज्ञोपवीत, व्रतबन्ध) मुहूर्त्त

(सम्वत् २०७८, १३ अप्रैल २०२१ से १ अप्रैल २०२२ तक)

- **उपनयन के नाम-** उपनयन को व्रतबन्ध, यज्ञोपवीत या जनेऊ संस्कार भी कहते हैं। इस संस्कार से ब्रह्मविद्या, वेदाध्ययन का अधिकार मिलता है।
- **उपनयन की आयु-** पंचम, षष्ठ, अष्टम, एकादश, द्वादश वर्ष में उपनयन कराना चाहिए।
- **उपनयन अयन-** उपनयन संस्कार केवल उत्तरायण में ही किया जाता है।
- **उपनयन मास-** माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ मास।
  (चैत्र मास में केवल ब्राह्मण बटुकों का उपनयन होता है।)
- **उपनयन के वार-** रवि, सोम, बुध, गुरू, शुक्र (शनि, मंगल वर्जित)।
- **उपनयन तिथियाँ-** **शुक्लपक्ष-** २, ३, ५, १०, ११, १२ **कृष्णपक्ष-** २, ३, ५॥
- **उपनयन नक्षत्र-** अश्विनी, रोहिणी, मृगशीर्ष, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती (कुल २२ नक्षत्र)।
- **वर्जित नक्षत्र-** भरणी, कृत्तिका, ज्येष्ठा, विशाखा, मघा (कुल ५ नक्षत्र) । पुनर्वसु नक्षत्र में विप्र बटुकों का उपनयन वर्जित है- *पुनर्वसौ कृतो विप्रः पुनः संस्कारमर्हति।* राजमार्तण्ड।
- **उपनयन लग्न-** २, ३, ४, ५, ६, ७, ९, १२ ◆ **वर्जित लग्न-** १, ८, १०, ११
- **उपनयन काल-** पूर्वाह्न एवं मध्याह्न (अपराह्न वर्जित)
- **उपनयन में बाणदोष-** रोगबाण में उपनयन नहीं होता है (अन्य चार बाणों में होता है) ।
  सूर्य के ८, १७, २६ अंश पर रोगबाण होता है।

चैत्र मास

इस वर्ष चैत्रशुक्लपक्ष में तिथि, नक्षत्रादि का समन्वय न होने के कारण एक भी उपनयन मुहूर्त नहीं है।

वैशाख मास

२९ अप्रैल २०२१ गुरुवार, कृष्ण तृतीया, अनुराधा नक्षत्र में भद्रा दिन १५:३८ पूर्व उपनयन मुहूर्त्त है।
समय- लग्न प्रातः वृष/मिथुन (६:४६- १०:५५), व सिंह लग्न १३:१६-१५:३१ तक

१३ मई २०२१ गुरुवार, शुक्ल द्वितीया, रोहिणी नक्षत्र में उपनयन मुहूर्त्त है।
समय- लग्न मिथुन प्रातः ७:४६- १०:०० तक, सिंह लग्न- १२:२१ से १४:३६ तक

१४ मई २०२१ शुक्रवार, अक्षय तृतीया, मृगशिरा नक्षत्र में उपनयन मुहूर्त्त है।
समय- सम्पूर्ण दिन मुहूर्त्त है।

१७ मई २०२१ सोमवार, शुक्ल पञ्चमी, के दिन षष्ठी तिथि दोष है।

२१ मई २०२१ शुक्रवार, शुक्ल दशमी, उ.फाल्गुनी नक्षत्र में प्रातः ५:४९ पश्चात उपनयन मुहूर्त्त है।
समय- लग्न सिंह– दोपहर १४:०६ से १६:२० तक

ज्येष्ठ मास

३० मई २०२१ रविवार, कृष्ण पञ्चमी, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में प्रातः ८:३० पश्चात उपनयन मुहूर्त्त है।
समय- लग्न सिंह, कन्या– दोपहर ११:१८ से १५:४८ तक

१३ जून २०२१ रविवार, शुक्ल तृतीया, को पुनर्वसु दोष है। *पुनर्वसौ कृतो विप्रः पुनः संस्कारमर्हति।* कतिपय आचार्य क्षत्रिय एवं वैश्य के उपनयन हेतु पुनर्वसु को स्वीकार करते हैं।
समय- लग्न सिंह– दोपहर १०:१९ से १२:३४ तक

ज्येष्ठ मास

२० जून २०२१ रविवार, शुक्ल दशमी, चित्रा नक्षत्र में प्रातः ९:५६ भद्रा बाद उपनयन मुहूर्त्त है।
समय- लग्न सिंह– प्रातः ९:५२ से १२:०७ तक

२१ जून २०२१ सोमवार, शुक्ल एकादशी, स्वाति नक्षत्र में प्रातः ९:५६ भद्रा बाद उपनयन मुहूर्त्त है।
समय- लग्न सिंह– दोपहर १२:०४ से १४:०२(स्वाति समाप्त) तक

माघ मास

१९ जनवरी २०२२ बुधवार, कृष्ण द्वितीया, आश्लेषा नक्षत्र में उपनयन मुहूर्त्त है।
समय- लग्न वृषभ– दोपहर १३:२२ से १५:१६ तक

३ फरवरी २०२२ बुधवार, शुक्ल द्वितीया/तृतीया, शतभिषा नक्षत्र में उपनयन मुहूर्त्त है।
समय- लग्न– प्रातः कुम्भ,मीन (७:५१ - १०:४५) तक व
दोपहर वृष (१२:२२- १४:१७) तक

फाल्गुन मास

१८ फरवरी २०२२ शुक्रवार, कृष्ण द्वितीया, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में उपनयन मुहूर्त्त है।
समय- लग्न वृषभ मिथुन– दोपहर ११:२३ से १५:३२ तक

अबूझ मुहूर्त्त :- १४ मई – अक्षय तृतीया, **२० मई –** जानकी नवमी, **२६ मई –** पीपल पूर्णिमा, **२० जून –** गंगा दशहरा, **१८ जुलाई –** भड़ल्या नवमी, **२० जुलाई –** देवशयनी एकादशी, **१० सितम्बर –** गणेश चतुर्थी, **१५ अक्तूबर –** विजयादशमी, **२ नवम्बर –** धनतेरस, **१५ नवम्बर –** देवउठान एकादशी, **५ फरवरी –** वसन्त पञ्चमी, **४ मार्च –** फुलेरा दौज

प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त (सम्वत् २०७८, २०२१-२०२२)

◆ सन्तानोत्पत्ति के छठवें एवं बारहवें दिन प्रसूतिका स्नान करती है। इसे लोक में छठी एवं बरही का स्नान कहते हैं। यह संस्कार अनिवार्य कृत्य होने के कारण आवश्यक करणीय है। प्रसूतिका स्नान मुहूर्त्त में लग्न शुद्धि विचार आवश्यक नहीं है। स्नान के दिन चन्द्रमा की दिशा का विचार किया जाता है। स्नान करते समय चन्द्रमा प्रसूतिका के सम्मुख या दक्षिण होना चाहिए।

◆ **स्नान के नक्षत्र-** अश्विनी, रोहिणी, मृगशीर्ष, तीनों उत्तरा, हस्त, स्वाती, अनुराधा, रेवती।

◆ **स्नान में मध्यम नक्षत्र-** आश्लेषा, तीनों पूर्वा, ज्येष्ठा, धनिष्ठा, शतभिषा।

◆ **स्नान की तिथियाँ-** १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५, ३०।

◆ **स्नान में त्याज्य नक्षत्र-** भरणी, कृत्तिका, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, चित्रा, विशाखा, मूल, श्रवण।

◆ **स्नान के वार-** रवि, मंगल, बृहस्पति। रवीज्यकुजेषु शस्तम्। मुहूर्त्तचिन्तामणि, ५/१२।

◆ **स्नान में त्याज्य-** रिक्तातिथि (४, ९, १४) तथा ६, ८, १२ तिथियाँ। भद्रा एवं वैधृतिदोष।

चैत्र शुक्लपक्ष

१३ अप्रैल २०२१ मंगलवार, प्रतिपदा/द्वितीया, अश्विनी नक्षत्र में दिन १३.१६ तक उत्तम मुहूर्त्त है।
२५ अप्रैल २०२१ रविवार त्रयोदशी, हस्त नक्षत्र में दिन १४.०६ तक उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
२७ अप्रैल २०२१ मंगलवार, पूर्णिमा/प्रतिपदा, स्वाती नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।

वैशाख कृष्णपक्ष

२९ अप्रैल २०२१ गुरुवार, तृतीया, अनुराधा नक्षत्र में भद्रा दिन १५.३८ पूर्व उत्तम प्रसूति. मुहूर्त्त है।
६ मई २०२१ गुरुवार, एकादशी, पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
९ मई २०२१ रविवार, त्रयोदशी, रेवती नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।

वैशाख शुक्लपक्ष

१३ मई २०२१ गुरुवार, द्वितीया, रोहिणी नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है ।
१८ मई २०२१ मंगलवार, सप्तमी, आश्लेषानक्षत्र में दिन १०.४३ पश्चात् मध्यम प्रसूतिका. मुहूर्त्त है।

ज्येष्ठ कृष्णपक्ष

२७ मई २०२१ गुरुवार, प्रतिपदा, ज्येष्ठा नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
३० मई २०२१ रविवार, पंचमी, उ.षाढ़ानक्षत्र में प्रात: ८.३० पश्चात् उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
१ जून २०२१ मंगल, सप्तमी, धनिष्ठा नक्षत्र में भद्रा सायं १७.३४ पश्चात् मध्यम प्रसूति. मुहूर्त्त है।
६ जून २०२१ रविवार, एकादशी, अश्विनीनक्षत्र में प्रातः ७.४४ पूर्व उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
१० जून २०२१ गुरुवार, अमावास्या, रोहिणी नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।

ज्येष्ठ शुक्लपक्ष

१५ जून २०२१ मंगलवार, पंचमी, आश्लेषा नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
१७ जून २०२१ गुरुवार, सप्तमी, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
२० जून २०२१ रवि, एकादशी, स्वाती नक्षत्र में दिन १५.३४ पश्चात् उत्तम सूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
२२ जून २०२१ मंगल, त्रयोदशी, अनुराधा नक्षत्र में दिन १२.२४ पश्चात् उत्तम सूतिका. मुहूर्त्त है।
२४ जून २०२१ गुरुवार, पूर्णिमा, ज्येष्ठा नक्षत्र में दिन ९.०७ तक मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।

आषाढ़ कृष्ण पक्ष

२९ जून २०२१ मंगलवार, पंचमी, शतभिषा नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
१ जुलाई २०२१ गुरु, सप्तमी, उ.भाद्रपद नक्षत्र में प्रात: ५.४८ से सायं १७.०५ तक उत्तम मुहर्त है।
४ जुलाई २०२१ रविवार, दशमी, अश्विनी नक्षत्र में भद्रा प्रात: ८.०० पूर्व उत्तम प्रसूतिका. मुहूर्त्त है।

श्रावण कृष्णपक्ष

२५ जुलाई २०२१ रविवार, द्वितीया, धनिष्ठानक्षत्र में दिन १२.४९ पश्चात् मध्यम सूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
३ अगस्त २०२१ मंगलवार, एकादशी, रोहिणी नक्षत्र में भद्रा दिन १२.१० पश्चात् उत्तम मुहूर्त्त है।
८ अगस्त २०२१ रविवार, अमावास्या, आश्लेषा नक्षत्र में दिन ९.३६ पश्चात् मध्यम प्रसूतिका. मुहूर्त्त है।

श्रावण शुक्लपक्ष

१० अगस्त २०२१ मंगलवार, द्वितीया, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में दिन १०.४४ पश्चात् मध्यम मुहूर्त्त है।
१२ अगस्त २०२१ गुरुवार, पंचमी, हस्त नक्षत्र में भद्रा दिन १५.३३ पश्चात् उत्तम सूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
१५ अगस्त २०२१ रविवार, सप्तमी, स्वाती नक्षत्र में प्रातः ५.३४ से ६.२३ तक उत्तम मुहूर्त्त है।
१७ अगस्त २०२१ मंगलवार, दशमी, ज्येष्ठा नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
२२ अगस्त २०२१ रविवार, पूर्णिमा, धनिष्ठा नक्षत्र में मध्यम मुहूर्त्त है।

भाद्रपद कृष्णपक्ष

२४ अगस्त २०२१ मंगलवार, द्वितीया, पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में मध्यम मुहूर्त्त है।
२५ अगस्त २०२१ गुरुवार, पंचमी, रेवती नक्षत्र में सायं १७.०८ से रात्रि ११.३० तक उत्तम मुहूर्त्त है।
५ सितम्बर २०२१ रविवार, त्रयोदशी, श्लेषा नक्षत्र में भद्रा प्रातः ६.४० पूर्व मध्यम सूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
७ सितम्बर २०२१ मंगलवार, अमावास्या, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।

भाद्रपद शुक्लपक्ष

९ सितम्बर २०२१ गुरुवार, तृतीया, हस्त नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
१६ सित. २०२१ गुरुवार, दशमी, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में प्रातः ६.२८ पश्चात् उत्तम सूतिकास्नान मुहूर्त्त है।

आश्विन कृष्णपक्ष

२१ सित. २०२१ मंगलवार, प्रतिपदा, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त है।
२३ सित. २०२१ गुरुवार, तृतीया, रेवती/अश्विनी नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूत्त है।
२८ सित. २०२१ मंगलवार, सप्तमी, मृगशीर्ष नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
५ अक्टूबर २०२१ मंगलवार, अमावास्या, उ.फा. नक्षत्र में सायं ६.०७ से सूर्योदय तक उत्तम मुहूर्त्त है।

आश्विन शुक्लपक्ष

१२ अक्टू. २०२१ मंगल, सप्तमी, पू.षाढ़ा नक्षत्र में दिन १५.५३ से रात्रि १.२४ तक मध्यम मुहूर्त्त है।
१७ अक्टू. २०२१ रविवार, त्रयोदशी, पू.भा. नक्षत्र में सायं ६.०८ से सूर्योदय पूर्व तक मध्यम मुहर्त है।

प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त (सम्वत् २०७८, २०२१-२०२२)

कार्तिक कृष्णपक्ष

२१ अक्टू. २०२१ गुरुवार, प्रतिपदा, अश्विनी नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त हैं।
३१ अक्टू. २०२१ रविवार, एकादशी, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में दिन ९.३४ से मध्यम प्रसूतिका.मुहूर्त्त है।
२ नवम्बर २०२१ मंगलवार, त्रयोदशी, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में प्रात: ८.०३ पश्चात् उत्तम मुहूर्त्त है।
४ नवम्बर २०२१ गुरुवार, अमावास्या, स्वाती नक्षत्र में भद्रा सायं १७.५४ पश्चात् उत्तम मुहूर्त्त है।

कार्तिक शुक्लपक्ष

७ नवम्बर २०२१ रविवार, तृतीया, ज्येष्ठा नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
९ नवम्बर २०२१ मंगलवार, पंचमी, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
१४ नव. २०२१ रविवार, दशमी, पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
१६ नव.२०२१ मंगलवार, त्रयोदशी, रेवती नक्षत्र में प्रातः ८.४९ से उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।

मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष

२१ नव. २०२१ रविवार, द्वितीया, मृगशीर्ष नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त हैं।
३० नव. २०२१ मंगलवार, एकादशी, हस्त नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
२ दिसम्बर २०२१ गुरुवार, त्रयोदशी, स्वाती नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।

मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष

५ दिसम्बर २०२१ रविवार, प्रतिपदा, ज्येष्ठा नक्षत्र में दिन ९.५३ तक मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
१४ दिस. २०२१ मंगलवार, एकादशी, अश्विनी नक्षत्र में भद्रा दिन १२.४० पूर्व उत्तम मुहूर्त्त हैं।
१९ दिस. २०२१ रविवार पूर्णिमा, मृगशीर्ष नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।

पौष कृष्णपक्ष

२३ दिस. २०२१ गुरुवार, पंचमी, श्लेषा नक्षत्र में दिन १५.२० से रात्रि १२.१६ तक मध्यम मुहूर्त्त है।
२६ दिस. २०२१ रविवार, सप्तमी, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
२ जनवरी २०२२ रविवार, अमावास्या, पू.षाढ़ा नक्षत्र में दिन १६.३७ पश्चात् मध्यम सूति. मुहूर्त्त है।

पौष शुक्लपक्ष

४ जनवरी २०२२ मंगलवार, द्वितीया, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में उत्तम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
६ जनवरी २०२२ गुरुवार, पंचमी, शतभिषा नक्षत्र में भद्रा सायं १७.०१ पश्चात् मध्यम मुहूर्त्त है।
९ जनवरी २०२२ रविवार, सप्तमी, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में दिन ११.४९ तक उत्तम सूतिका. मुहूर्त्त है।

माघ कृष्णपक्ष

२० जन. २०२२ गुरुवार, तृतीया, आश्लेषा नक्षत्र में प्रात: ७.५८ तक मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
२७ जन. २०२२ गुरुवार, दशमी, अनुराधा नक्षत्र में भद्रा दिन ११.५२ पूर्व उत्तम मुहूर्त्त है।
३० जन. २०२२ रविवार, त्रयोदशी, पू.षाढ़ा नक्षत्र में भद्रा दिन १५.४४ पूर्व मध्यम प्रसूति. मुहूर्त्त है।

माघ शुक्लपक्ष

३ फरवरी २०२२ गुरुवार, द्वितीया, शतभिषा नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
१० फर. २०२२ गुरुवार, दशमी, रोहिणी नक्षत्र में दिन १२.०६ पश्चात् उत्तम सूतिकास्नान मुहूर्त्त है।

फाल्गुन कृष्णपक्ष

१७ फर. २०२२ गुरुवार, प्रतिपदा, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में दिन १६.४० पश्चात् मध्यम मुहूर्त्त है।

फाल्गुन शुक्लपक्ष

३ मार्च २०२२ गुरुवार, प्रतिपदा, पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
१५ मार्च २०२२ मंगल, त्रयोदशी, आश्लेषानक्षत्र में दिन १२.०९ से रात्रि १०.५३ तक मध्यम मुहूर्त्त है।

चैत्र कृष्णपक्ष

२४ मार्च २०२२ गुरुवार, सप्तमी, ज्येष्ठा नक्षत्र में मध्यम प्रसूतिकास्नान मुहूर्त्त है।
२९ मार्च २०२२ मंगलवार, त्रयोदशी, शतभिषा नक्षत्र में दिन १४.४० पश्चात् मध्यम मुहूर्त्त है ।
३१ मार्च २०२२ गुरुवार, अमावास्या, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में दिन १२.२० पश्चात् उत्तम मुहूर्त्त है।

अबूझ मुहूर्त :- **१४ मई** – अक्षय तृतीया, **२० मई** – जानकी नवमी, **२६ मई** – पीपल पूर्णिमा, **२० जून** – गंगा दशहरा, **१८ जुलाई** – भड़ल्या नवमी, **२० जुलाई** – देवशयनी एकादशी, **१० सितम्बर** – गणेश चतुर्थी, **१५ अक्तूबर** – विजयादशमी, **२ नवम्बर** – धनतेरस, **१५ नवम्बर** – देवउठान एकादशी, **५ फरवरी** – वसन्त पञ्चमी, **४ मार्च** – फुलेरा दौज

होलिका दहन मुहूर्त्त विचार

होलिका दहन फाल्गुन शुक्लपक्ष की भद्रारहित प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा को ग्राह्य है। धर्मशास्त्र के सूक्ष्म विचार से यही सिद्ध होता है कि इस वर्ष १७ मार्च २०२२ में रात्रि १:२२ के पश्चात् ही होलिका दहन मान्य होगा।

दिनार्धात् परतो या स्यात् फाल्गुनी पूर्णिमा यदि। रात्रौ भद्रावसाने तु होलिकां तत्र पूजयेत्॥ –भविष्योत्तर

अर्थात् यदि पहले दिन प्रदोष के समय भद्रा हो और दूसरे दिन सूर्यास्त से पहले पूर्णिमा समाप्त हो जाए तो भद्रा के समाप्त होने की प्रतीक्षा करके सूर्योदय होने से पहले रात्रि में होलिकादाह करना चाहिए। क्योंकि-

नन्दायां नरकं घोरं भद्रायां देशनाशनम्। दुर्भिक्षं च चतुर्दश्यां करोत्येव हुताशनः॥ –विद्याविनोद

प्रतिपदा में होलिकादाह से नरक, भद्रा में होलिकादाह से देशनाश, और चतुर्दशी में करने से दुर्भिक्ष होता है।

प्रतिपद्भूतभद्रासु यार्चिता होलिका दिवा। संवत्सरं तु तद्राष्ट्रं पुरं दहति साद्‌भुतम्॥ – चन्द्रप्रकाश

प्रतिपदा, चतुर्दशी, भद्रा और दिन, इनमें होली जलाना सर्वथा त्याज्य है। कुयोगवश यदि जला दी जाए तो वहाँ के राज्य, नगर और मनुष्य अद्‌भुत उत्पातों से एक ही वर्ष में हीन हो जाते हैं।

भद्रायां दीपिता होली राष्ट्रभंगं करोति वै। - पुराणसमुच्चय, भद्रा में होली दाह से राष्ट्रभंग होता है।

अतः उपरोक्त प्रचुर प्रमाणों से सिद्ध है कि पूर्णिमाव्यापिनी रात्रिपर्यन्त कभी भी भद्रारहित काल मिलने पर भद्रा में होलिका दाह पूर्णतः शास्त्रविरुद्ध एवं अनिष्टकारी है।

भद्रा पुच्छकाल में होलिका दहन केवल तब ही होता है जब यदि पहले दिन भद्रारहित प्रदोष न मिले, रात्रिभर भद्रा रहे (सूर्योदय होने से पहले न उतरे) और दूसरे दिन सूर्यास्त से पहले ही पूर्णिमा समाप्त हो जाए, तो ऐसे अवसर में सूर्योदय पूर्व भद्रा के पुच्छकाल में होलिकादीपन कर देना चाहिए।

पर चूँकि भद्राकाल सूर्योदय पर्यन्त व्याप्त नहीं है और रात्रि १:२२ पर ही समाप्त हो रहा है अतः रात्रि १:२२ से पहले होलिका दहन शास्त्र एवं परम्परा के विरुद्ध होगा। अपनी सुविधा हेतु शास्त्रवचनों का अनादर कथमपि कल्याण का हेतु नहीं है। **अतः १७ मार्च २०२२ को रात्रि १:२२ पश्चात शास्त्रवचन एवं परम्परासिद्ध उत्तम मुहूर्त्त में होलिकादीपन कर उत्तम शुभफल की प्राप्ति करें।**

मुण्डन मुहूर्त्त

(सम्वत् २०७८, १३ अप्रैल २०२१ से १ अप्रैल २०२२ तक)

- **मुण्डन के नाम-** मुण्डन को चौल, चूड़ा या वपन कहते हैं।
- **मुण्डन काल-** एक वर्ष के भीतर, तीसरे वर्ष या विषम वर्ष में।
- **मुण्डन अयन-** मुण्डन को उत्तरायण में किया जाता है- *"चौलोपवीतं नैवयाम्यायने स्यात्।"* मुहूर्त्तचिन्तामणि, प्रकरण ५, श्लोक २६
- **मुण्डन मास-** माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ मास में हरिशयनपूर्व
